

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 14 सितम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक-159 | पृष्ठ-10 | मूल्य-3.00 रुपए



ऊर्जा खपत मापने के लिए एनर्जी ऑडिट कराएगी... 03

■ सीईओ ने किया इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स का निरीक्षण
■ ऑनलाइन ट्रेडिंग कराकर ठगे 2.54 करोड़ 04

■ किम ने रूस के साथ संबंधों को बताया उ. कोरिया की...
■ मोरक्को में भूकंप से मरने वालों की संख्या 2,900 से ... 07

वामिका गब्बी ने 'चार्ली चोपड़ा' में जासूस की ... 10

# कश्मीर में आतंकियों से मुठभेड़ में कर्नल, मेजर व डीएसपी शहीद

## राजौरी में दो आतंकी भी मारे गए और बाकी के साथ अनंतनाग में जंग जारी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर में 24 घंटों के भीतर अनंतनाग में सेना के एक कर्नल व मेजर रैंक के अधिकारियों समेत और पुलिस के एक डीएसपी समेत 24 घंटों में पांच सैनिक शहीद गए हैं। इनमें से दो जवान राजौरी की मुठभेड़ में मारे गए हैं जहां दो आतंकियों को मार गिराया गया है। सेना प्रवक्ता ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई है। जिले के कोकरनाग हलूरा गंडूल इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी हो रही है।

### राष्ट्रीय राइफल्स में थे कर्नल

राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग कर्नल, जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी समेत तीन अफसर शहीद हो गए हैं। शहादत पाने वालों की पहचान कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष और जम्मू-कश्मीर पुलिस के उपाधीक्षक हुमायूं भट के रूप में हुई है।



■ जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में हुई मुठभेड़
■ आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर की गोलीबारी

### आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली जिम्मेदारी

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने भी आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी की पुष्टि की। दूसरी ओर राजौरी में मंगलवार से चल रही मुठभेड़ में बुधवार को एक और आतंकी को मार गिराया गया है, जबकि एक एसपीओ की भी जान चली गई। इस मुठभेड़ में दो दिनों में दो आतंकी मारे गए हैं और दो जवान शहीद हो चुके हैं। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि राजौरी जिले में गोलीबारी में एक और आतंकवादी और एक पुलिस एसपीओ मारा गया। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में कुल मिलाकर दो आतंकवादी, सेना का एक जवान और एसपीओ मारे गए। अनंतनाग एनकाउंटर की जिम्मेदारी आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली है।

### घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया

पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने अनंतनाग के कोकरनाग के हलूरा गंडूल इलाके में घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। जैसे ही संयुक्त टीम संदिग्ध स्थान की ओर बढ़ी तो वहां पहले से छिपे हुए आतंकवादियों ने बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। गोलीबारी के दौरान सेना के दो अधिकारी और एक पुलिस अधिकारी को गोली लग गई। तीनों घायलों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रवक्ता का कहना था कि जैसे ही सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम संदिग्ध स्थान की ओर बढ़ी, छिपे हुए आतंकवादियों ने बलों पर गोलीबारी की, जिससे गोलीबारी शुरू हो गई।

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को दिया निर्देश

# मीडिया ट्रायल को लेकर गाइड लाइन बनाए सरकार

**नई दिल्ली,** 13 सितम्बर (एजेंसियां) सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय को निर्देश दिया कि वह लंबित आपराधिक जांच के मामलों में मीडिया के समक्ष खुलासे की प्रकृति के संबंधित एक नियमावली तीन महीने के अंदर तैयार करे। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनजीओ पीयूसीएल और अन्य की जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि लंबित आपराधिक मामलों पर मीडिया ट्रायल न्याय प्रशासन को प्रभावित करता है। पीठ ने कहा कि मीडिया ट्रायल पीड़ितों के साथ-साथ अभियुक्तों के हित को भी प्रभावित करता है। मीडिया ट्रायल का न होना पीड़ितों, आरोपियों और आम जनता के भी हित में है। शीर्ष अदालत ने सभी पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) को दिशानिर्देशों पर अपने सुझाव गृह मंत्रालय को देने का भी निर्देश दिया। पीठ ने कहा, केंद्र सरकार द्वारा दिशानिर्देश लगभग एक दशक पहले एक अप्रैल 2010 को तैयार किए गए थे। तब से न केवल प्रिंट मीडिया, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में भी अपराध की रिपोर्टिंग में वृद्धि हुई है। ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि एक संतुलन हो। शीर्ष अदालत ने पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील बनाने की जरूरत पर जोर दिया कि जांच के विवरण किस स्तर पर सामने आ सकते हैं। यह तय करने की जरूरत है। पीठ ने कहा कि मीडिया को बयान के दौरान पुलिस द्वारा किया गया खुलासा वस्तुनिष्ठ प्रकृति का होना चाहिए, न कि व्यक्तिपरक। पीठ ने कहा कि मीडिया ट्रायल एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, क्योंकि इसमें पीड़ितों के हित और मामले में एकत्र किए गए सबूत शामिल हैं। एनजीओ पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल) और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं में आपराधिक मामलों के मीडिया कवरेज के लिए दिशानिर्देश जारी करने की गुहार लगाई गई थी।



■ आरोपी के अधिकारों का ध्यान रखना जरूरी
■ 3 महीने में नियमावली बनाने का दिया निर्देश

## सार संक्षेप

### हिमंत की पत्नी के लिए कृषि भूमि को औद्योगिक भूमि में बदला : वल्लभ



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने असम में भाजपा सरकार पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अपनों को कृषि भूमि देकर सरकार ने इसे बहुत कम समय में औद्योगिक भूमि में परिवर्तित करके इस भूमि के साथ हिमंत की पत्नी को 10 करोड़ रुपए का अनुदान भी उपलब्ध कराया जाता है। कांग्रेस के प्रवक्ता प्रोफेसर गौरव वल्लभ ने संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।

### ईडी के सामने पेश हुए टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी राज्य भर के सरकारी प्रायोजित स्कूलों में शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में केंद्रीय एजेंसी के समन का जवाब देते हुए बुधवार को शहर के सीजीओ कॉम्प्लेक्स में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के सामने पेश हुए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन 15 तक



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के नामांकन की अंतिम तिथि इस वर्ष 15 सितंबर है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि बच्चों की ऊर्जा, दृढ़ संकल्प, क्षमता, जोश और उत्साह की सराहना करने के लिए हर वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं। मंत्रालय के अनुसार 18 वर्ष की आयु का कोई भारतीय नागरिक और भारत में निवास करने वाला बच्चा इस पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकता है।

### रिश्वत मामले में रेलवे अधिकारी गिरफ्तार 2.61 करोड़ बरामद



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के चीफ मटेरियल मैनेजर केसी जोशी को 3 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई की टीम ने छापेमारी में 2.61 करोड़ रुपए नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तारी के बाद, सीबीआई ने उत्तर प्रदेश के नोएडा और गोरखपुर में अधिकारी से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की, जिसके परिणामस्वरूप नकदी बरामद हुई।

### मणिपुर में हमलावरों ने सब-इंस्पेक्टर की गोली मारी

**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के चिंगफेई में बुधवार को अज्ञात सशस्त्र हमलावरों ने एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर (एसआई) की हत्या कर दी। फायरिंग में दो ग्राम रक्षा स्वयंसेवक (वीडीवी) भी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। सब-इंस्पेक्टर की पहचान ओंखोमांग के रूप में हुई है।

संसद का 18 से होगा विशेष सत्र

# सरकार ने 17 को बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली**, 13 सितम्बर (देशबन्धु)। सरकार ने संसद के विशेष सत्र से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितम्बर तक होगा और इस दौरान पांच बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्रालय ने बुधवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि सोमवार से शुरू होने वाले विशेष सत्र के लिए संसदीय कार्य मंत्री ने सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भी बुधवार को एक्स पर पोस्ट कर लिखा, इस महीने की 18 तारीख से संसद सत्र से पहले 17 तारीख को शाम 4.30 बजे सर्वदलीय फ्लोर लीडर्स की बैठक बुलाई गई है। इसके लिए संबंधित नेताओं को ईमेल के माध्यम से निमंत्रण भेजा गया है।



■ संसदीय कार्य मंत्रालय ने जारी किया वक्तव्य

### कोई एजेन्डा नहीं किया जारी

उल्लेखनीय है कि सरकार ने विपक्षी दलों के नेताओं की मांग के बावजूद अभी तक विशेष सत्र के लिए कोई एजेन्डा जारी नहीं किया है।

विपक्षी दलों की ओर से कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर विशेष सत्र का एजेन्डा सार्वजनिक करने की मांग की थी। विपक्षी दल सत्र में महंगाई, बेरोजगारी, किसानों, हिन्डनबर्ग रिपोर्ट, महिलाओं पर अत्याचार जैसे ज्वलंत मुद्दों पर संसद में चर्चा करना चाहते हैं।

### विशेष सत्र से पहले नए भवन पर फहराया जाएगा तिरंगा

**नई दिल्ली।** अमृत काल को लेकर मोदी सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले नए संसद भवन पर देश का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा। 17 सितंबर को नए संसद भवन पर तिरंगा फहराए जाने की तैयारी की जा रही है। 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा का भी दिन है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है। 17 सितंबर को उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ एवं लोक सभा स्पीकर ओम बिरला संसद के नए भवन के गजद्वार पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएंगे।

इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति की हुई बैठक

# भोपाल में होगी गठबंधन की पहली रैली

**नई दिल्ली,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। विपक्षी इंडिया गठबंधन की 14 सदस्यीय समन्वय समिति की पहली बैठक बुधवार को नई दिल्ली में एनसीपी प्रमुख शरद पवार के आवास पर हुई। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि समन्वय समिति ने सीट-बंटवारे के निर्धारण के लिए प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि साथी दल बातचीत करेंगे और जल्द से जल्द निर्णय लेंगे। गठबंधन की पहली सार्वजनिक सभा अक्तूबर के पहले सप्ताह में भोपाल में होगी। बैठक से पहले समिति के सदस्य और आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा था कि इसमें लोगों तक पहुंचने, संयुक्त रैलियों की योजना बनाने और घर-घर अभियान चलाने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।



समन्वय समिति ने सीट-बंटवारे के निर्धारण के लिए प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि साथी दल बातचीत करेंगे और जल्द से जल्द निर्णय लेंगे : **केसी वेणुगोपाल, कांग्रेस महासचिव**

■ अक्टूबर के पहले हफ्ते में रैली होगी
■ सीटों के बंटवारे पर भी हुई चर्चा

### अभिषेक शामिल नहीं हो पाए

तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी बैठक में शामिल नहीं हुए। प्रवर्तन निदेशालय ने आज ही उन्हें पेश होने के लिए बुलाया था। जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह खराब स्वास्थ्य के कारण इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति की बैठक में शामिल नहीं हुए। उनकी जगह जेडीयू नेता और बिहार के मंत्री संजय कुमार झा बैठक में शामिल हुए। इंडिया गठबंधन का सात सीटों पर हुए उपचुनाव में बहुत अच्छा प्रदर्शन रहा है। गठबंधन के नेताओं को कहना है कि इंडिया गठबंधन मजबूती के साथ एकजुट हो रहा है।

### अडानी मामले में जेपीसी की मांग जारी रहेगी

**नई दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र का एजेंडा अभी तक साफ न होने से कांग्रेस पार्टी लगातार नाराज है। कांग्रेस पार्टी ने साफ कर दिया है कि अडानी मामले में उसकी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित जांच कराने की मांग जारी रहेगी। विशेष सत्र का एजेंडा अभी तक साफ न होने पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने तंज करते हुए कहा कि यह सिर्फ दो ही लोगों पता है।

# राजस्थान में तेज रफ्तार ट्रक ने 11 लोगों की कुचला, मौत



**जयपुर,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के भरतपुर में बुधवार सुबह एक भयावह घटना में एक तेज रफ्तार ट्रक से कुचलकर 11 लोगों की मौत ह गई और 12 अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। हादसा सुबह करीब 5:30 बजे लखनपुर थाना क्षेत्र के आगरा-जयपुर नेशनल हाईवे-21 पर हंतारा के पास उस समय हुआ जब एक खराब हो चुकी बस के यात्री नीचे बस के पास खड़े थे। बस में 45 से अधिक लोग थे और कुछ लोग खराबी की जांच करने के लिए ड्राइवर और हेल्पर के साथ नीचे उतरे। मृतकों में छह महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि सभी मृतक गुजरात के भावनगर के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक, बस भावनगर से मथुरा होते हुए हरिद्वार जा रही थी और भरतपुर-आगरा हाईवे पर अचानक खराब हो गई। चालक और उसके साथी के साथ कुछ यात्री भी बस से उतर गए। ड्राइवर और उसके साथी फॉल्ट चेक कर रहे थे तभी ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी और किनारे खड़े लोगों को कुचल दिया। वहां से गुजर रहे अन्य वाहनों के चालकों ने पुलिस और एम्बुलेंस को फोन किया।शवों को भरतपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया।

■ इस घटना में 12 अन्य लोग हुए घायल
■ बढ़ सकती है मरने वालों की संख्या

# निपाह वायरस को लेकर केरल के 4 जिलों में अलर्ट

**नई दिल्ली,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। केरल के कोझिकोड में निपाह वायरस से दो लोगों की मौत के बाद 3 और जिले कन्नूर, वायनाड और मलप्पुरम में अलर्ट जारी किया गया है। यहां की 7 ग्राम पंचायतों को कंटेनमेंट जोन बनाया गया है। कंटेनमेंट जोन वाले इलाकों और अस्पतालों में मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। कोझिकोड के जिला अधिकारी ने 7 पंचायतों में सभी एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, आंगनबाड़ी केंद्र, बैंक और सरकारी संस्थानों को बंद रखने का आदेश दिया है। सुबह 7 से शाम 5 बजे तक सिर्फ दवाइयां और जरूरी चीजों की दुकानें ही खोलने की इजाजत है। केरल में निपाह वायरस के अब तक 4 मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें दो लोगों की मौत हुई है। बुधवार को राज्य सरकार ने विधानसभा में बताया कि पुणे से नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी की टीम निपाह वायरस की जांच के लिए आज केरल आएगी।



■ सात कंटेनमेंट जोन बनाए, मास्क जरूरी
■ राज्य में अब तक 4 मामले, 2 की मौत

# ईडी, आईटी ने आजम से जुड़े ठिकानों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर (आईटी) विभाग ने बुधवार सुबह समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान से जुड़े कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। आईटी छापे कथित तौर पर अल जौहर ट्रस्ट से संबंधित थे, जिसके अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान हैं। जानकारी के मुताबिक, फिलहाल लखनऊ, रामपुर, मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर और सीतापुर में सर्च ऑपरेशन चल रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस साल की शुरुआत में रामपुर में 3.24 एकड़ के भूखंड का पट्टा रद्द कर दिया था, जो ट्रस्ट को एक शोध संस्थान स्थापित करने के उद्देश्य से दिया गया था।

कई शहरों में चला सर्च आप्रेशन

राहत | चुनावी साल में सरकार का बड़ा ऐलान

# 75 लाख महिलाओं को मिलेगा मुफ्त गैस कनेक्शन

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, 13 सितम्बर (देशबन्धु)। चुनावी साल में आधी आबादी को साधने के लिए मोदी सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं के लिए मुफ्त 75 लाख नए रसोई गैस कनेक्शन देने का फैसला लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लग गई।**

इसमें प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना के तहत महिलाओं को 75 लाख नए एलपीजी गैस कनेक्शन देने के लिए सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों को 1650 करोड़ रुपए जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाता सम्मेलन में इस फैसले की जानकारी की। उन्होंने कहाकि उज्ज्वला योजना के तहत अभी तक 9.60 करोड़ एलपीजी सिलेंडर वितरित किए जा चुके हैं। अधिक से अधिक गरीब महिलाओं को इस योजना का लाभ मिले,इसके लिए अब 75 लाख और गैस कनेक्शन महिलाओं को दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने उज्ज्वला योजना की शुरुआत मई 2016 में की थी। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों की महिलाओं को इस योजना के तहत मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन दिए जाने का प्रावधान है। माना जाता है कि 2019 में मोदी सरकार की सत्ता वापसी में इसे योजना से काफी अहम भूमिका रही। अब फिर से चुनावी साल में इस योजना की दूसरी सीरीज की घोषणा की गई है।



■ 1650 करोड़ रुपए जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी

### ई-अदालत योजना के तीसरे चरण को मंजूरी

केंद्र सरकार ने देश में न्यायालय की कार्यवाही को ऑनलाइन करने की महत्वाकांक्षी ई-कोर्ट (इलेक्ट्रानिक-न्यायालय) योजना के तीसरे चरण को लागू करने का निर्णय किया है जिस पर चार साल में 7210 करोड़ रुपए का वित्तीय परिव्यय किया जाएगा।


उत्तराखण्ड शासन
G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE
आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तराखण्ड मे असीम संभावनाओं का अनावरण
आपकी
समृद्धि का प्रवेश द्वार
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
"21वीं सदी के विकसित भारत का निर्माण दो प्रारम्भिक स्तंभों पर टिका है, एक अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज इन दोनों स्तंभों को उत्तराखण्ड मजबूत कर रहा है। यह दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
DESTINATION
UTTARAKHAND
GLOBAL INVESTORS SUMMIT 2023
December, 2023 | Dehradun
Peace To Prosperity
Uttarakhand Global Investors Summit: Curtain Raiser
14 सितम्बर, 2023 (गुरुवार), प्रात: 11:00 बजे, होटल ताज महल, मानसिंह रोड, नई दिल्ली
देवभूमि उत्तराखण्ड जहां भव्य एवं दिव्य हिमालय जितना विशाल उतना ही अनंत अवसरों से भरपूर है! निवेशक अनुकूल नीतियों, बेहतरीन बुनियादी ढांचा एवं बेहतर कानून व्यवस्था को लेकर हम निवेश के भविष्य को आकार दे रहे हैं। इस नैसर्गिक दृश्यों और दिव्यता भरे पथ पर स्वर्णिम अवसरों की यात्रा में हम आपको आमंत्रित करते हैं।
अधिक जानकारी के लिए कृपया लॉग इन करें
investuttarakhand.uk.gov.in
अथवा QR Code स्कैन करें
आइये,
अपनी और इस प्रदेश की समृद्धि में
आप भी भागीदार बनिये...
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPRUK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

उल्टा पुल्टा

बब्लू : ऐसा लगता है कि वो लड़की ऊंचा सुनती है। मैं कुछ कहता हूं वो कुछ और ही बोलती है।
डब्लू : वो कैसे ?
बब्लू : मैंने कहा, आई लव यू,
तो वह बोली मैंने कल ही सैंडल खरीदे हैं।

# कैपिटल ज़ोन

## ऊर्जा खपत मापने के लिए एनर्जी ऑडिट कराएगी दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। बिजली की खपत कम करने और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए केजरीवाल सरकार अपनी इमारतों, कार्यालयों और स्ट्रीटलाइट्स का एनर्जी ऑडिट करवाएगी। इस एनर्जी ऑडिट का उद्देश्य बिजली के अधिक इस्तेमाल करने वाले स्थानों का पता लगाना और वहां स्मार्ट तरीकों से बिजली की खपत को कम करने की रणनीति तैयार करना है। साथ ही सरकारी भवनों के साथ-साथ, सभी वाणिज्यिक मॉल, प्लाजा, अस्पताल, संस्थागत भवन, बहुमंजिला और ऊंची गैर-घरेलू इमारतें, उद्योग आदि जिसमें स्वीकृत भार 500 किलोवाट और उससे अधिक है, को भी बीईई के नियमों के अनुसार अपना विस्तृत एनर्जी ऑडिट कराना होगा। इस बाबत सरकार द्वारा जल्द ही एक नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। इसके अनुसार सभी मौजूदा और नए वाणिज्यिक मॉल, प्लाजा, अस्पताल, मल्टी-स्टोरी और हाई राइज गैर-घरेलू इमारतें, उद्योग, सरकारी,बोर्ड या निगम के स्वामित्व वाली इमारतें, जल आपूर्ति विभाग की इमारतें ऊर्जा संरक्षण अधिनियम,2001 में नामित उपभोक्ता के अतिरिक्त जिनका स्वीकृत लोड 500 किलोवाट या उससे अधिक है। इन्हें बोर्ड ऑफ एनर्जी एफिशिएन्सी बीईई द्वारा प्रमाणित एनर्जी ऑडिटर द्वारा अनिवार्य विस्तृत एनर्जी ऑडिट करवाना होगा। इन सभी उपभोक्ताओं को नोटिफिकेशन के 6 माह के भीतर एनर्जी ऑडिट करवाना होगा। साथ ही सभी को तीन साल में एक बार एनर्जी ऑडिट करवाना अनिवार्य होगा और ऑडिट रिपोर्ट की सिफारिशों को अमल में लाना होगा। ऊर्जा मंत्री आतिशी ने कहा कि, एनर्जी ऑडिट से बिजली का दक्षतापूर्ण प्रयोग के लिए भी सुझाव मिलेगा जिसके परिणामस्वरूप बिजली और पैसे दोनों की बचत होगी। बिजली मंत्री ने कहा कि माना जाता है कि यदि कोई उपभोक्ता बिजली की एक यूनिट की बचत करता है, वो बिजली संयंत्र में उत्पादित 2 यूनिट के बराबर होता है। ऐसे में इन ऑडिट से प्राप्त ऊर्जा-बचत उपायों से दिल्ली की समग्र बिजली मांग को स्थिर करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, एनर्जी ऑडिट से न केवल दिल्ली भर में भवनों में ऊर्जा की खपत को कम करने के तरीकों का पता चलेगा बल्कि इससे वित्तीय बोझ भी कम होगा। साथ ही, यह पहल सीओ 2 उत्सर्जन को कम करने में मददगार साबित होगा।



- स्मार्ट तरीकों से बिजली की खपत कम करने की रणनीति तैयार करना उद्देश्य

उपभोक्ताओं को नोटिफिकेशन के छह माह के भीतर करवाना होगा एनर्जी ऑडिट : **आतिशी**

### बिजली की हर यूनिट के संरक्षण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

राजधानी भर में सरकारी भवनों, स्ट्रीटलाइट्स और 500 किलोवाट या उससे अधिक स्वीकृत लोड वाले भवनों के एनर्जी ऑडिट के विषय में साझा करते हुए ऊर्जा मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार बिजली की हर यूनिट के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा उन सभी भवनों का एनर्जी ऑडिट करवाया जाएगा जहां बिजली की खपत 500 किलोवॉट से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि, इस प्रक्रिया में बिजली के सभी उपकरणों और उनकी वास्तविक ऊर्जा खपत को मापना, उसका आवश्यक अनुमानित न्यूनतम ऊर्जा के साथ तुलना करना और फिर बिजली की बचत के लिए आर्थिक और तकनीकी रूप से जरूरी तरीकों की पहचान करना शामिल है।

## सरकार की निशुल्क सेवा योजनाओं ने महंगाई से राहत दिलाई : केजरीवाल

**नई दिल्ली,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को दावा किया कि राष्ट्रीय राजधानी में महंगाई सबसे कम है और निशुल्क शिक्षा, उपचार, बिजली तथा जलापूर्ति जैसी योजनाओं ने यहां के लोगों को 'बेहद' राहत पहुंचाई है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मुख्य रूप से सब्जियों के दाम में नरमी से खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में घटकर 6.83 प्रतिशत पर आ गई है। जुलाई में खुदरा महंगाई दर 15 महीने के उच्चस्तर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। हालांकि, यह अब भी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संतोषजनक स्तर से ऊपर है। केजरीवाल ने एक खबर साझा की, जिसमें कुछ राज्यों में महंगाई के आंकड़ों की तुलना राष्ट्रीय औसत से की गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा कि उनकी सरकार की निशुल्क सेवा योजनाओं ने दिल्ली की जनता को महंगाई से राहत दिलाई है। केजरीवाल ने कहा कि आंकडों के अनुसार हर बार की तरह दिलली में महंगाई सबसे कम है। दिल्ली सरकार की निशुल्क शिक्षा, निशुल्क उपचार, महिलाओं के लिए निशुल्क परिवहन, निशुल्क बिजली-पानी, निशुल्क तीर्थयात्रा ने लोगों को भारी राहत पहुंचाई है। जारी आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य मुद्रास्फीति अगस्त महीने में 9.94 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले महीने यानी जुलाई में 11.51 प्रतिशत थी।

## निर्माण मजदूरों के लिए मोबाइल पंजीकरण वैन शुरू करेगी सरकार



**नई दिल्ली,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी आप की सरकार निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण के लिए विशेष मोबाइल पंजीकरण वैन शुरू करेगी। आनंद ने विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद कहा कि श्रम विभाग वैन का उपयोग करके दिल्ली के सभी श्रम स्थलों पर निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण करेगा ताकि उन्हें सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि मोबाइल पंजीकरण वैन को शुरू करना इस दिशा में एक अहम कदम होगा क्योंकि इससे अधिक से अधिक मजदूरों को सभी कल्याणकारी योजनाओं के लिए आवश्यक दस्तावेज से लैस करने में मदद मिलेगी। आनंद ने कहा कि दिल्ली के निर्माण श्रमिकों के लिए जल्द ही विशेष रूप से तैयार किया गया कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि इसे इसी महीने के अंत में शुरू करने की योजना है। यह कार्यक्रम श्रमिकों को अपने कौशल में सुधार करने और उनके लिए रोजगार के नए रास्ते खोलने का अवसर प्रदान करेगा।

- अधिक से अधिक मजदूरों को सभी कल्याणकारी योजनाओं के लिए मिलेगी मदद

## अवैध भवन निर्माण सामग्री के खिलाफ हो कार्रवाई : शैली

**नई दिल्ली,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। महा-सफाई अभियान 'अब दिल्ली होगी साफ' के तहत मेयर डॉ.शैली ओबरॉय का वार्डों के औचक निरीक्षण का सिलसला जारी है। मेयर विभिन्न वार्डों का दौरा कर ग्राउंड जीरो पर सफ़ाई व्यवस्था का जायजा ले रही हैं। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने मेगा सफाई अभियान अब दिल्ली साफ होगी के अंतर्गत बुधवार को वेस्ट पटेल नगर के वार्ड 85 के आनंद पर्वत क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेयर ने आनंद पर्वत की सड़कों और आंतरिक गलियों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सड़कों के किनारे पड़ी अवैध भवन निर्माण सामग्री के खिलाफ कार्रवाई की जाए। अवैध भवन निर्माण सामग्री के कारण दैनिक सफाई व्यवस्था में अवरोध उत्पन्न हो रहा है। इसके अलावा सुनिश्चित किया जाए कि ऑटो टिप्पर क्षेत्र में प्रतिदिन चक्कर लगाएं। क्षेत्रों में ऑटो टिप्पर के आने संबंधित बोर्ड लगवाए जाएं। सभी जगह से कूड़ा इकट्ठा किया जाए। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा की सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में निगम दिल्ली को साफ सुथरा बनाने के लिए गंभीर प्रयास कर रहा है। दिल्ली की सफाई व्यवस्था के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। हमारा लक्ष्य दिल्ली को देश का सबसे स्वच्छ व सुंदर शहर बनाना है। दिल्लीवासी भी इस अभियान में सहयोग करें और एमसीडी 311 ऐप पर फोटो के साथ सफाई संबंधित शिकायतें दर्ज कराएं। निगम द्वारा 24 घंटे में उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद कविता चौहान, क्षेत्रीय उपायुक्त कुमार अभिषेक सहित अन्य उपस्थित रहे।



- मेयर ने महा-सफाई अभियान के तहत आनंद पर्वत क्षेत्र का किया निरीक्षण

### खाली प्लॉटों में पड़े कूड़े को भी हटवाने के निर्देश

मेयर ने क्षेत्र निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को ख़ाली प्लॉटों में पड़े कूड़े को भी हटवाने के निर्देश दिए। मेयर ने नागरिकों से भी आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र में साफ-सफाई बनाए रखने में सहयोग करें। कूड़ा खुले में ना फेंके। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि खाली प्लॉटों में पड़े कूड़े को तत्काल हटाया जाए। मुख्य घाटी रोड के पास पड़ी गाद को जल्द से जल्द उठवाया जाए। थान सिंह नगर की मुख्य सड़क पर बंद नाली को खुलवाया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि फिर से इस तरह की स्थिति उत्पन्न ना हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र के पार्क से अतिक्रमण हटाने व उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## आरबीआईपीएमटी व एमवीआईडी अस्पताल होंगे अलग

**नई दिल्ली,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वास्थ्य के क्षेत्र में निगम की 'आप' सरकार ने बड़ा फैसला किया है। राजन बाबू इंस्टीट्यूट ऑफ पल्मोनरी मेडिसिन एंड ट्यूबरकुलोसिस आरबीआईपीएमटी और महर्षि वाल्मिकी संक्रामक रोग अस्पताल एमवीआईडी अस्पताल को अलग-अलग किया जाएगा। दोनों अस्पतालों को 2017 में मर्ज कर दिया गया था। जानकारी के मुताबिक दोनों अस्पतालों को मर्ज करने से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रहीं थीं। अस्पताल प्रबंधन दोनों अस्पतालों पर ठीक से ध्यान भी नहीं दे पा रहा था। ऐसे में बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए निगम की 'आप' सरकार ने दोनों अस्पतालों को पहले की तरह। अलग-अलग करने का फैसला किया है। अस्पतालों के अलग-अलग संचालन संबंधी फैसले पर मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने मंगलवार देर शाम हस्ताक्षर किए हैं। दिल्ली नगर निगम की मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि आरबीआईपीएमटी व एमवीआईडी अस्पताल के अलग-अलग संचालन का फैसला किया गया। दोनो अस्पतालों को मर्ज किए जाने से अस्पताल प्रबंधन पर अतिरिक्त दवाब था।

इसकी वजह से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रहीं थीं। सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य हमेशा से हमारी प्राथमिकता रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की तरफ कदम बढ़ाते हुए आरबीआईपीएमटी व एमवीआईडी अस्पताल को अलग-अलग करने का फैसला किया है।

## एनडीएमसी दो पालियों में चलाएगा फव्वारे

**नई दिल्ली,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद एनडीएमसी ने नई दिल्ली क्षेत्र में आगंतुकों और पर्यटकों को पर्यावरण-अनुकूल अनुभव प्रदान करने के लिए सर्वोत्तम साधनों, अत्याधुनिक सुविधाओं और विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी तकनीक द्वारा कलात्मक और सौंदर्यपूर्ण दृश्य के साथ अपने क्षेत्र में 50 से अधिक फव्वारे स्थापित किए हैं। एनडीएमसी की योजना है कि वह अपने फव्वारों को हर दिन दो शिफ्टों में चलाये। इसके अनुसार ये फव्वारे सुबह की पहली पाली में फव्वारे सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक और शाम की दूसरी पाली में शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक चलेंगे। फव्वारे अपने रखरखाव के लिए दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे के बीच विश्राम में रहेंगे।

### एनडीएमसी करेगा सुविधा शिविर का आयोजन

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं के लिए शनिवार को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में सुविधा शिविर का आयोजन कर रहा है। इस शिकायत निवारण सुविधा कैम्प में विभिन्न विभागों के हेल्पडेस्क सेवा उपयोगकर्ताओं, कर्मचारियों, आरडब्ल्यूए, एमटीए और एनडीएमसी के निवासियों की शिकायतों का निवारण और सुविधा प्रदान करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस सुविधा कैंप में बिजली कनेक्शन, डिस्कनेक्शन, लोड वृद्धि, कमी, नाम परिवर्तन, स्थानांतरण, संपत्ति कर, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, एनडीएमसी के सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सेवा मामलों, जल भराव, स्वच्छता, अपशिष्ट निपटान, सड़क मरम्मत, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन, बरात घर और पार्कों की बुकिंग और एनडीएमसी द्वारा दी जाने वाली कोई अन्य सेवाओं से संबंधित शिकायतों का समाधान, निवारण किया जाएगा।

## गति ने सर्विस डिलीवरी क्षमताओं को बढ़ाया

**नई दिल्ली,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत की प्रीमियम एक्सप्रेस डिस्ट्रीब्यूशन व सप्लाई चेन मैनेजमेंट कंपनी गति एक्सप्रेस एंड सप्लाई चेन प्राइवेट लिमिटेड जीईएससीपीएल ने कॉमर्स डोमेन के साथ-साथ व्हाइट गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और एफएमसीजी सेगमेंट में त्योहारी सीजन के दौरान मांग में आने वाली वृद्धि को पूरा करने के लिए अपनी वेयरहाउसिंग और डिलीवरी क्षमताओं का विस्तार किया है। जीईएसपीएल ने अपनी क्षमता और दक्षता को लगातार बढ़ाया है, जिसके कारण वह पूरे साल में किसी भी समय 20 फीसदी ज्यादा कार्गो को हैंडल करने में सक्षम है। गति लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सेल्स राजेश गौरीनाथ ने त्योहारी सीजन की तैयारियों के बारे में कहा कि हम बढ़ी त्योहारी मांग और ऑर्डर वॉल्यूम में बढ़ोतरी को पूरा करने के लिए अपनी बढ़ी हुई डिलीवरी क्षमताओं के साथ पूरी तरह से तैयार हैं।

## आप नेता ने असम सीएम की पत्नी पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, ईडी-सीबीआई जांच की मांग की

**नई दिल्ली,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी (आप) के असम प्रभारी राजेश शर्मा ने बुधवार को असम सीएम की पत्नी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। आप नेता का कहना है कि सीएम की पत्नी ने भूमि उपयोग परिवर्तन के रूप में भ्रष्टाचार किया है और मोटी कमाई है। राजेश शर्मा ने इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई जांच की मांग की है। राजेश शर्मा ने कहा, 'मैं लोगों को बताना चाहता हूं कि जनता की गाढ़ी कमाई के टैक्स का पैसा असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के परिवार और दोस्तों को कैसे दिया जा रहा है। उनकी पत्नी रिनिकी शर्मा भुइयां उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद से 'असम की अडानी' बनने की राह पर चल पड़ी हैं।' असम सीएम की पत्नी ने 'वंद्या इंटरनेशनल स्कूल' नाम से एक आलीशान निजी स्कूल खोला। उनके पास एक चाय बागान और एक रिसॉर्ट भी है।


**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा
जिला-गौतमबुद्धनगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 108, 1st Floor, Tower-A6, Area-126.81, Nirala Aspire Plot No. Gh-03, Sector-16, Greater Noida जो कि Mrs. Ruchi Gupta & Sh. Saurabh Kumar Gupta निवासी 3F 83/8, Rakeshmarg, Nehru Nagar, Ghaziabad, U.P. के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्धनगर में दिनांक 31.08.2020 को पंजीकृत है। Sh. Saurabh Kumar Gupta की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी/पुत्र पुत्री Mrs. Ruchi Gupta & Ms. Krishika Gupta (Minor 7 Years) & Mr. Krishna Gupta (Minor 5 Month) ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण प्रस्तुत प्रपत्रों के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो Mrs. Ruchi Gupta & Ms. Krishika Gupta (Minor 7 Years) & Mr. Krishna Gupta (Minor 5 Month) का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स )
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेक्टर-पाली की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या- पी ए एल 581, भूखण्ड संख्या-9, पाकेट बी, क्षेत्रफल 60 वर्ग मीटर सर्वश्री वीर सिंह, बाबू श्रीमती लीआवती, बरजू, नरेन्द्र, विजेन्द्र पुत्रगण श्री गोपी, श्री भोलू, श्री हरकेश श्री धर्मवीर, श्री बोदे निवासी-ग्राम- पाली, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था सह आवटी सर्वश्री वीर सिंह, बाबू, विजेन्द्र पुत्रगण श्री गोपी, श्री भोलू, श्री हरकेश श्री धर्मवीर श्री बोदे की मृत्यु के उपरात इनके वारिसान सर्वश्री बिरजू, नरेन्द्र पुत्रगण स्व० श्री बोदे राम, भाई स्व० श्री बिजेन्द्र व श्री गुरूदेव पुत्र स्व0 श्री बाबू, श्रीमती गीता पत्नी स्व0 श्री सुनील पुत्रबधु स्व० श्री बाबू व श्रीमती राजवती पत्नी स्व0 श्री बीर सिंह, श्री राजवी भाटी ना०बा० पुत्र स्व0 श्री वीर सिंह संरक्षिका माता स्वयं श्रीमती राजवती, श्री हरिओम भाटी, श्रीओम भाटी, विनय भाटी पुत्रगण स्व० श्री वीर सिंह, श्रीमती प्रिया (विवाहित) पुत्री स्व० श्री वीर सिंह, श्रीमती संतरा पत्नी स्व० श्री बिजेन्द्र, श्रीमती माया देवी (विवाहित), श्रीमती छाया देवी (विवाहित) श्रीमती कमला देवी (विवाहित) श्रीमती सन्तोष (विवाहित) श्रीमती सुमन (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री बाबू, श्रीमती सुमन (विवाहित) पुत्री स्व० श्री नेपाल पौत्री स्व० श्री बाबू निवासी ग्राम पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से सर्वश्री बिरजू नरेन्द्र पुत्रगण स्व० श्री बोदे राम, भाई स्व० श्री बिजेन्द्र व श्री गुरूदेव पुत्र स्व0 श्री बाबू, श्रीमती गीता पत्नी स्व० श्री सुनील पुत्रबधु स्व० श्री बाबू व श्रीमती राजवती पत्नी स्व० श्री बीर सिंह, श्री राजवी भाटी ना०बा० पुत्र स्व० श्री वीर सिंह संरक्षिका माता स्वयं श्रीमती राजवती, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किय गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री बिरजू, नरेन्द्र पुत्रगण स्व० श्री बोदे राम, भाई स्व० श्री बिजेन्द्र व श्री गुरूदेव पुत्र स्व0 श्री बाबू श्रीमती गीता पत्नी स्व० श्री सुनील पुत्रबधु स्व० श्री बाबू व श्रीमती राजवती पत्नी स्व0 श्री बीर सिंह, श्री राजवी भाटी ना०बा० पुत्र स्व0 श्री वीर सिंह संरक्षिका माता स्वयं श्रीमती राजवती, निवासी ग्राम पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र० के पक्ष में सह आवटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



**उत्तर रेलवे**
G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 07230087B | सिंगल पीस एफ आर पी लौवर शटर | 11377 नग | 03-10-23 |
| 2. | 16231972 | किट नं. 2 फॉर एयर सिस्टम वाल्व | 20 सेट | 05-10-23 |
| 3. | 16230376 | हाइड्रोलिक मोटर फॉर 700 एच पी | 63 नग | 05-10-23 |
| 4. | 02235044 | सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ 750/415 वी, 200 वी ए कण्ट्रोल ट्रांसफार्मर | 8275 सेट/नग | 09-10-23 |
| 5. | 19231230 | ब्रेक शू कम्पलीट (स्टैण्डर्ड साइज) | 70256 नग | 11-10-23 |
| 6. | 12235019 | सप्लाई ऑफ 150 SQ MM थिन वौल्ड फ्लेक्सिबल एलस्टोमेरिक केबल विथ कॉपर कंडक्टर | 24647 मीटर | 23-10-23 |

निविदा शर्तें -1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं0 51/2023-24 दिनांक 13.09.2023 2838/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/निर्माण, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली** द्वारा स्थापित एवं विश्वसनीय निविदाकारों से ओपन ई-टेन्डर **सिंगल पैकेट पद्धति** के तहत निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा के प्रकार | ई-निविदा (सिंगल पैकेट) |
| निविदा सूचना संख्या | 287-सिग0/नि0/ति0ब्रिज/64/23 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मण्डल में गुड्स हैंडलिंग लाइन के साथ कवर्ड गुड्स शेड एवम सीमेंट हैंडलिंग की सुविधा हेतु छन अरोरियां स्टेशन पर संकेत एवं दूरसंचार कार्य के लिए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (इंडोर एवं आउटडोर कार्य) के साथ समीपवर्ती स्टेशनों पर ब्लाक वर्किंग और सम्बंधित दूरसंचार कार्य का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 3,73,94,202.55/- |
| निविदा फार्म की लागत | शून्य |
| बोली प्रतिभूति | Rs. 3,37,000/- |
| कार्य समापन की अवधि | 08 माह |
| निविदा फार्म प्राप्त करने जमा करने एवं खुलने का पता | दिनांक 13.09.2023 से 09.10.2023 को सायं 15:00 बजे तक भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| निविदा फार्म प्राप्त करने की अवधि की तिथि व समय | दिनांक 13.09.2023 से 09.10.2023 को सायं 15:00 बजे तक भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| निविदा फार्म जमा करने की अवधि की तिथि व समय | दिनांक 25.09.2023 से 09.10.2023 को सायं 15:00 बजे तक भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जमा किया जाना है। |

पत्र सं0 :- 287- सिग0/नि0/ति0 ब्रिज/64/23 दिनांक 12.09.2023 2824/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव

**बरनाला एवं हडियाया स्टेशनों पर डबलिंग कार्य के संबंध में ट्रेन्स हैंडलिंग प्लान**

मौजूदा बुनियादी ढांचे एवं सुरक्षा मानकों को बेहतर करने हेतु, राजपुरा-बठिण्डा सेक्शन पर चल रहे दोहरीकरण कार्य से संबद्ध में उत्तर रेलवे द्वारा बरनाला एवं हडियाया स्टेशनों पर प्री-नॉन-इंटरलॉकिंग और नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जायेगा। इस कार्य के निष्पादन हेतु रेलवे द्वारा 28.09.2023 तक विभिन्न अवधियों के उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ अस्थायी रूप से निम्नानुसार प्रभावित रहेंगीः-

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | तिथि(यॉं) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|
| 14525/26 अम्बाला छावनी-श्रीगंगानगर-अम्बाला छावनी एक्सप्रेस | 18.09.2023 से 28.09.2023 तक |
| 01626 बठिण्डा जं.-धूरी जं. स्पेशल | 18.09.2023 से 28.09.2023 तक |
| 01625 धूरी जं.-बठिण्डा जं. स्पेशल | 19.09.2023 से 29.09.2023 तक |
| 04548 बठिण्डा जं.-अम्बाला छावनी स्पेशल | 18.09.2023 से 28.09.2023 तक |
| 04531 अम्बाला छावनी-धूरी जं. स्पेशल | 18.09.2023 से 28.09.2023 तक |
| 14509 धूरी जं.-बठिण्डा जं. एक्सप्रेस | 19.09.2023 से 29.09.2023 तक |
| 04547 अम्बाला छावनी-बठिण्डा जं. एक्सप्रेस विशेष | 18.09.2023 से 28.09.2023 तक |
| 14510 बठिण्डा जं.-अम्बाला छावनी एक्सप्रेस | 18.09.2023 से 28.09.2023 तक |

**रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | स्टेशन जहाँ पर/से रेलगाड़ी यात्रा समाप्त/प्रारंभ करेगी | स्टेशनों के जिनके बीच निरस्त रहेंगी | आंशिक निरस्तीकरण की तिथि (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|
| 14735 श्रीगंगानगर-अम्बाला छावनी एक्सप्रेस | बठिण्डा पर | बठिण्डा-अम्बाला छावनी | 28.09.2023 तक |
| 14736 अम्बाला छावनी-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस | बठिण्डा से | अम्बाला छावनी-बठिण्डा | 29.09.2023 तक |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन (वाया रोहतक-जींद-नरवाना-जाखल रूट) एवं स्टेशनों की सूची जिन पर ठहराव नहीं प्रदान किया जायेगा**

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | तिथि(यॉं) आरंभिक स्टेशन से | स्टेशन जिन पर ठहराव नही होगा |
|---|---|---|
| 12439 हजूर साहिब नांदेड़-श्रीगंगानगर एक्स. | 17.09.2023, 24.09.2023 | संगरूर-धूरी-बरनाला-रामपुराफूल |
| 12456/55 बीकानेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला-बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 17.09.2023 से 27.09.2023 तक | रामपुराफूल-बरनाला-धूरी-संगरूर/ संगरूर-धूरी-बरनाला-रामपुराफूल |
| 12485 हजूर साहिब नांदेड़-श्रीगंगानगर एक्स. | 18, 21 एवं 25.09.2023 | संगरूर-धूरी-बरनाला-रामपुराफूल |
| 12486 श्रीगंगानगर-हजूर साहिब नांदेड़ एक्स. | 19, 23 एवं 26.09.2023 | रामपुराफूल-बरनाला-धूरी-संगरूर |
| 12440 श्रीगंगानगर-हजूर साहिब नांदेड़ एक्स. | 22.09.2023 | रामपुराफूल-बरनाला-धूरी-संगरूर |

**बरनाला के बजाय सेखा स्टेशन पर रेलगाड़ियों का वैकल्पिक ठहराव**

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | तिथि(यॉं) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|
| 14525 अम्बाला छावनी-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस | 16.09.2023 से 17.09.2023 तक |
| 14887 ऋषिकेश-बाड़मेर एक्सप्रेस | 16.09.2023 से 28.09.2023 तक |
| 14711 हरिद्वार-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस | 16.09.2023 से 28.09.2023 तक |
| 14507 दिल्ली जं.-फाजिल्का एक्सप्रेस | 16.09.2023 से 28.09.2023 तक |
| 12455 दिल्ली सराय रोहिल्ला-बीकानेर एक्सप्रेस | 16.09.2023 |
| 01625 धूरी जं.-बठिण्डा जं. एक्सप्रेस स्पेशल | 16.09.2023 से 18.09.2023 तक |
| 04547 अम्बाला छावनी-बठिण्डा एक्सप्रेस स्पेशल | 16.09.2023 से 17.09.2023 तक |
| 14509 धूरी जं.-बठिण्डा जं. एक्सप्रेस | 16.09.2023 से 18.09.2023 तक |

**बरनाला के बजाय तपा स्टेशन पर रेलगाड़ियों का वैकल्पिक ठहराव**

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | तिथि(यॉं) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|
| 14526 श्रीगंगानगर-अम्बाला छावनी एक्सप्रेस | 16.09.2023 से 17.09.2023 तक |
| 14888 बाड़मेर-ऋषिकेश एक्सप्रेस | 16.09.2023 से 28.09.2023 तक |
| 14712 श्रीगंगानगर-हरिद्वार एक्सप्रेस | 16.09.2023 से 28.09.2023 तक |
| 14508 फाजिल्का-दिल्ली जं. एक्सप्रेस | 16.09.2023 से 28.09.2023 तक |
| 12456 बीकानेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस | 16.09.2023 |
| 01626 बठिण्डा जं.-धूरी जं. एक्सप्रेस स्पेशल | 16.09.2023 से 17.09.2023 तक |
| 04548 बठिण्डा जं.-अम्बाला छावनी एक्सप्रेस स्पेशल | 16.09.2023 से 17.09.2023 तक |
| 14510 बठिण्डा जं.-अम्बाला छावनी एक्सप्रेस | 16.09.2023 से 17.09.2023 तक |
| 12486 श्रीगंगानगर-हजूर साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस | 16.09.2023 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139
रेलमदद वेबसाईट देखें www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
हमें फॉलो करें:-
उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच “ आयुष्मान कार्ड के जरिये पूरे प्रदेश में लाखों लोगों ने इस योजना का लाभ लिया है, जो पात्र व्यक्ति हैं उन्हें इस योजना का लाभ मिलना चाहिए : **नरेन्द्र कुमार कश्यप, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार**

## सीईओ ने किया इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स का निरीक्षण

**■ आउटर सौंदर्यीकरण का प्लान बनाकर प्रस्तुत करने के दिए निर्देश, 100 करोड़ हो रहे खर्च**

**नोएडा,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने डीजीएम, सलाहकार और वर्क सर्किल अधिकरी के साथ मिलकर गोल्फ कोर्स का निरीक्षण किया। यहां चल रहे निर्माण की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशत किया कि गोल्फ कोर्स के बाहरी पोर्शन में लाइटिंग और सौंदर्यीकरण का एक नया प्लान किया जाए। दो दिन में इसका प्रेंटेशन किया जाए। अप्रूव होने के बाद काम किया जाए। इसके अलावा यहां बन रहे हॉल का निरीक्षण किया। इस मौके पर जमीन विवाद को लेकर भी चर्चा की गई। बता दे हाल ही में निर्माण में देरी के चलते गोल्फ कोर्स के सदस्यता लेने वाले लोगों ने साइट पर प्रदर्शन भी किया था।



वर्तमान में गोल्फ कोर्स का 43 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसे पूरा बनाने में करीब 100 करोड़ रुपए लगेंगे। अब तक 26.8 करोड़ रुपए खर्च हो चुके है। गोल्फ कोर्स की सदस्यता से आने वाले पैसे का उपयोग निर्माण में किया जा रहा है। अब तक 1000 लोगों ने सदस्यता ली है। जिसमें से 68 लोगों ने रिफंड लिया। 169 लोगों से ज्यादा ने 100 प्रतिशत यानी 10 लाख रुपए जमा कर दिए है। जनरल श्रेणी के 459, स्टेट के 170 और सेंट्रल के 370 लोगों ने सदस्यता ली है।

दरअसल, गल्फ कोर्स निर्माण के दौरान यह योजना बनाई गई कि इसकी सदस्यता से करीब 150 करोड़ रुपए प्राधिकरण जुटाएगा। इसमें से 100 करोड़ रुपए प्राधिकरण निर्माण कार्य में खर्च करेगा। वहीं, 50 करोड़ रुपए अतिरिक्त बचत होगी। प्राधिकरण ने सेक्टर-151 के सदस्यता के लिए एक मुश्त 100 प्रतिशत राशि देने वाले को सेक्टर-38 के गोल्फ कोर्स में खेलने का ऑफर दिया है।

### एक नजर में गोल्फ कोर्स

- >>> गोल्फ कोर्स को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जा रहा है।
- >>> इसमें कुल 18 होल होंगे।
- >>> 128 एकड़ में गोल्फ कोर्स का निर्माण किया जा रहा है। इसमें 94.369 एकड़ में गोल्फ एरिया, 6.895 एकड़ में क्लब और पार्किंग एरिया, 7.910 एकड़ में ड्राइविंग रेंज एरिया, 4.702 एकड़ में एनटी लाइन एरिया, 9.289 एकड़ में हेलीपोर्ट और 4.614 एकड़ में हेलीपोर्ट एप्रोच रोड एरिया। मार्च 2024 तक इसका काम पूरा कर लिया जाएगा।



## मोटो जीपी, ट्रेड शो के लिए पुलिस अधिकारियों ने की बैठक

**नोएडा,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में आयोजित होने वाले मोटो जीपी रेस कार्यक्रम व एक्सपो मार्ट में ट्रेड शो को लेकर बुधवार को पुलिस उपायुक्त नोएडा हरीश चंदर व अपर पुलिस उपायुक्त नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने स्ट्रीट वेंडर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, दिल्ली मेट्रो, नोएडा मेट्रो, सीआईएसएफ के अधिकारियों व प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी के लोगों के साथ इंदिरा गांधी कला केन्द्र में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान गौतमबुद्धनगर में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों के दौरान यातायात व्यवस्था, मैट्रो स्टेशन पर भीड़भाड़, सुरक्षा व्यवस्था, कानून व्यवस्था व अन्य सभी बिंदुओं को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों द्वारा संबंधित को निर्देशित किया गया की सड़कों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने पाए, मेट्रो से आने-जाने वाले सभी लोगों की कड़ी चेकिंग की जाए, भीड़ को काबू में रखने के पूर्व से सभी इंतजाम कर लिए जाए, टिकट व चेकिंग के अतिरिक्त काउंटर बनाए जाए, मेट्रो स्टेशन व मुख्य बाजारों में पार्किंग व्यवस्था दुरूस्त रखी जाए जिससे आने-जाने वाले व्यक्तियों को असुविधा न होने पाए। उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया की पूर्व से ही अतिरिक्त स्टॉफ की तैनाती कर ली जाए जिससे स्थिति पर नियंत्रण रहे।

## रेरा ने आवंटी को छह साल बाद दिलाया यूनिट पर कब्जा

**नोएडा,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। उ.प्र. रेरा कंसिलिएशन फोरम ने प्रोमोटर 'मेसर्स ए.टी.एस. रियल्टी प्रा.लि.' की ग्रेटर नोएडा स्थित 'एटीएस एलयोर' परियोजना की आंवटी कनिका साहनी को ब्याज सहित एग्रीमेन्ट फॉर सेल के अनुसार उनकी इकाई का कब्जा व दोनों पक्षों की परस्पर देनदारी से सम्बन्धित विवाद का आपसी सहमति से समाधान करा दिया गया। नियामक प्राधिकरण के प्रयासों से आवंटी की देनदारी लगभग आधी रह गई और 6 वर्ष बाद कब्जा मिलना भी सुनिश्चित हुआ। कंसिलिएशन फोरम की मध्यस्थता से दोनों पक्षों के मध्य हुए समझौते के अनुसार आवंटी को तय तिथि से 6 वर्ष बाद इकाई का कब्जा दिया गया। साथ ही प्रोमोटर से विलम्ब अवधि का ब्याज, लगभग रुपये 2 लाख 79 हजार, मिलना तय हुआ। इसके अतिरिक्त एग्रीमेन्ट फॉर सेल के अनुसार आवंटी कब्जा प्राप्त करने के पूर्व प्रोमोटर को अंतिम भुगतान राशि, लगभग रुपये 5 लाख 59 हजार, देने को तैयार हो गया। इस प्रकार से आवंटी की देनदारी केवल आधी रह गई।

'एग्रीमेन्ट फॉर सेल' के अनुसार आवंटी ने प्रोमोटर की परियोजना में अक्टूबर 2013 में एक इकाई बुक की थी। 36 लाख रुपए की लागत वाले इकाई के लिए आवंटी ने लगभग रुपये 32 लाख 80 हजार का भुगतान कर दिया था। जिसका कब्जा नवम्बर 2017 में प्राप्त होना था। लेकिन तय समय तक इकाई का कब्जा न मिलने, अंतिम मांग राशि व विलंबित अवधि के ब्याज का समाधान न प्राप्त होने पर आवंटी ने 2022 में उ.प्र. रेरा में शिकायत दर्ज करके कन्सिलीएशन फोरम के माध्यम से समाधान की मांग की थी। कंसिलिएशन फोरम ने शुल्कों की गणना करते हुए आवंटी की मांग के अनुसार प्रोमोटर को प्रस्ताव प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। प्रोमोटर से प्राप्त प्रस्ताव का आवंटी ने अवलोकन कर अपनी सहमति दी थी जिसके उपरान्त दोनों पक्षों ने समझौता कर विवाद समाप्त कर लिया और समझौते की एक प्रति क्षेत्रीय कार्यालय, उ.प्र. रेरा में जमा करवा दी।

## सार संक्षेप

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से आयुष्मान भव योजना का शुभारंभ

**नोएडा।** बरौला के नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा शुरू किए गए आयुष्मान भवः योजना का शुभारंभ पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नवाब सिंह नागर ने किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक इस योजना के अंतर्गत जो आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए जायेंगे। इस कार्ड के माध्यम से वे 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त में करा पाएंगे। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सदस्य प्रदेश कार्यसमिति उप्र विनोद त्यागी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा अमित त्यागी, मंडल अध्यक्ष कल्लू सिंह, ठाकुर महेंद्र सिंह, इंद्रराज खटाना, मांगे राम, सूबेदार नरेंद्र सिंह, लीले सिंह, मास्टर हंसराज, राम शरण कसाना, प्रमोद बैसोया, नरेंद्र कसाना, अश्वनी चौबे, रमेश यादव, मनोज मंडार, पप्पू नागर, धर्मवीर कसाना, श्याम पंडित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की डॉ मोनिका एवं वहां के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### वाई-20 के आयोजन में जी-20 के प्रभावों पर की गई चर्चा

**नोएडा।** एवियर एजुकेशनल हब और युवा क्रांति सेना के द्वारा कॉलेज सभागार में भारतीय अर्थव्यवस्था पर जी 20 के प्रभाव को लेकर वाई 20 टॉक शो का आयोजन किया गया। इसमे भारतीय जनता पार्टी के आर्थिक विषय के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल और द इमेजिनडिया इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष रोबिंदर नाथ सचदेव ने अपने विचार रखे और छात्र छात्राओं को बताया की किस तरह सभी छात्र छात्राएं अपने करियर के साथ साथ अपने देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में अपना योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा की एक समय था जब लगता था देश में डिजिटल इंडिया प्रोग्राम सफल नहीं होगा। लेकिन आज हमारा देश डिजिटल प्लेटफार्म पर एक अलग छाप छोड़ रहा है। जल्द ही भारत विश्व गुरु बनेगा और इसमें अहम भूमिका आज के युवा और भावी पीढ़ी की होगी।

## 1000 पशुओं के इलाज के लिए बनेगा एनिमल शेल्टर

**■ पीपीपी मॉडल पर किया जाएगा तैयार, कमर्शियल एक्टिविटी से निकलेगा खर्च**

**नोएडा,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। बीमार, घायल, बेसहारा पशुओं का समय पर इलाज हो, उनके जीवन को बचाया जा सके। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने एनिमल शेल्टर तैयार करने की कार्य योजना बनाई है। इसकी क्षमता एक हजार पशु पक्षियों की होगी, जिसे पब्लिक प्राइवेट पाटनर्शिप पीपीपी (पीपीपी) माडल पर संचालित कराया जाएगा। संचालन कंपनी को प्राधिकरण सेक्टर-117 में चार एकड़ जमीन उपलब्ध कराएगा। बता दें कि इस पूरी परियोजना में नोएडा प्राधिकरण की ओर से एक रुपया भी खर्च नहीं किया जाए, बल्कि संचालन कंपनी को ही एनिमल शेल्टर का निर्माण कराना होगा। संचालन से अस्पताल, डाक्टर, कम्पाउंडर, दवा समेत अन्य संबंधित इंतजाम कंपनी को खुद करना होगा। प्राधिकरण उनके इस खर्च को निकालने के लिए एनिमल शेल्टर के बाहर 5 से 6 दुकानों को बनाकर देगा। इसमें कंपनी की ओर से कामर्शियल गतिविधियों का संचालन कराया जा सकता है। इससे होने वाली आय से एनिमल शेल्टर निर्माण व संचालन के खर्च को वहन किया जाएगा।

इस परियोजना के लिए नोएडा प्राधिकरण का जन स्वास्थ्य विभाग एक्सप्रेशन आफ इंस्ट्रेट (ईओआई) निकालने जा रहा है, जिसमें इच्छुक कंपनियों को आमंत्रित किया जाएगा, जिसमें उनसे सुझाव लिए जाएंगे कि एनिमल शेल्टर में किस प्रकार की व्यवस्थाएं होनी चाहिए, किसी प्रकार से इसमें अधिक से अधिक सुधार की आवश्यकता है। उनके सुझाव के आधार पर ही प्राधिकरण रिक्वेस्ट फार प्रपोजल (आरएफपी) तैयार करेगा। कंपनियों को आमंत्रित करेगा। जो भी कंपनी एनिमल शेल्टर के लिए चयनित होगी, उसको सारी जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी।

## ऑनलाइन ट्रेडिंग कराकर ठगे 2.54 करोड़

**■ 3 गिरफ्तार, 150 से ज्यादा फर्जी फर्म पर खोले खाते, दुबई से हो रहे एक्सेस**

**नोएडा,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। ऑनलाइन LEXATRADE.COM नाम से ट्रेडिंग कंपनी के नाम से वेबसाइट बनाकर डेल्टा इंटरप्राइजेज के नाम से फर्जी फर्म बनाई। इसके बाद लोगों से 2 करोड़ 54 लाख रुपए इनवेस्ट कराकर धोखाधड़ी की। साइबर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये लोग अब तक 150 से ज्यादा फर्जी फर्म के नाम पर खाते खोल चुके है। जिनमें ये पैसा मंगवाते थे। इनके द्वारा खोले गए खातों का एक्सेस दुबई से किया जा रहा था। पकड़े गए आरोपी सिर्फ कमीशन का पैसा लेते थे। साइबर सेल प्रभारी रीता यादव ने बताया कि सेक्टर-30 निवासी अनिल कुमार शर्मा ने शिकायत दी थी कि कुल लोगों ने LEXATRADE.COM के नाम से ट्रेडिंग कंपनी के नाम से वेबसाइट बनाई और डेल्टा इंटरप्राइजेज के नाम से फर्जी फर्म तैयार की। इसके बाद उनसे स्काइप एप्प के जरिए कॉल किया और उनसे ऑनलाइन ट्रेडिंग कर पैसा कमाने का लालच दिया। पहले उन्होंने थोड़े पैसे इन्वेस्ट किए। जिसका जालसाजों ने अच्छा रिटर्न दिया। इसके बाद धीरे-धीरे करके जालसाजों ने उनसे 2 करोड़ 54 लाख रुपए इन्वेस्ट करा दिए। ये पैसा उनके ट्रेडिंग अकाउंट में शो हो रहा था लेकिन उसे ट्रांसफर नहीं कर पा रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विजय शर्मा, हेमंत सिंघारिया और तरुण कश्यप हुई है। इनके पास से 2 मोबाइल फोन और 11 सिम बरामद किए गए है।

**कैसे करते थे ठगी इसे समझे**

रीता यादव ने बताया कि गिरोह के लोग दुकानों को किराए पर लेकर , दुकान के पतों पर फर्जी फर्म रजिस्टर्ड कराकर फर्म के नाम पर चालू खाता खोलने के लिए जीएसटी व एमएसएमई का फर्जी रजिस्ट्रेशन कराकर बैंकों में खाते खुलवाए। प्रत्येक दुकान के पते पर जीएसटी नंबर अप्लाई कर 15 से 20 फर्जी खाते खुलवाए गए। इन्ही खातों में पीड़ितों से प्राप्त फ्रॉड का पैसा ट्रांसफर किया जाता था।

**अब तक खोल चुके थे 150 फर्म**

ये लोग अब तक 150 फर्जी फर्म के नाम पर बैंकों में खाते खुलवा चुके थे। खातों की वेलकम किट को अपने अनुसार ई मेल और फर्जी नाम पतों पर सिम प्राप्त कर किसी अज्ञात नाम के व्यक्ति को देते थे। ये व्यक्ति प्रति खाता 1 लाख रुपए विजय शर्मा को देता था। विजय धोखा धड़ी की रकम की रकम को कमिशन बेस पर बांटता था। तकनीकी जांच में सामने आया कि ये सभी खातों का एक्सेस दुबई से किया जा रहा था।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग में अब तक 1109 लोगों का किया गया चालान

**■ इन पर लगाया गया 9 लाख 64 हजार 150 रुपए का जुर्माना**

**नोएडा,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण स्वाच्छता सर्वेक्षण 2023 में प्रतिभाग कर रहा है। इसके लिए बाजारों में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध को लेकर लोगों को जागरुक किया जा रहा है। इस क्रम में अब तक प्राधिकरण की ओर से 1109 लोगों का 9 लाख 64 हजार 150 रुपए का चालान किया गया। ये सभी सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग कर रहे थे। डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि नोएडा को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए एक एंटी प्लास्टिक शैड्यूल तैयार किया गया है। शैड्यूल के अनुसार नोएडा के सभी बाजार, शापिंग काप्लेक्स, दैनिक और सप्ताहिक बाजार में सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जाएगा। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों पर कार्यवाही की जाएगी साथ ही प्लास्टिक को जब्त किया जाएगा। इसकी अधिक जानकारी के लिए 9716031412 पर कॉल किया जा सकता है। इसके अलावा आपके आसपास कही सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग हो रहा है तो भी जानकारी दे सकते है।

## जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय पर सुनी जनसमस्याएं, मौके पर कई का निस्तारण

**गाजियाबाद,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने अपने कार्यालय पर जन शिकायते सुनी। जिसमें लोगों ने अनेक तरह की समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। कुछ लोगों ने गेहूं में आकाशीय बिजली गिरने से फसल क्षतिग्रस्त होने की, किसी ने पेंशन सम्बंधि, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, जमीन मामले सहित अनेक शिकायतें आई। जिलाधिकारी ने कई समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया और शेष शिकायतों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को दूरभाष और पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया। पीड़ितों को जल्द ही पूर्ण गुणवत्ता के साथ समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।



## कार के शीशे पर गिरा सरिया का गुच्छा

**नोएडा,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा भंगेल एलिवेटड का निर्माण किया जा रहा है। बुधवार दोपहर को वो भंगेल एलिवेटड के नीचे से जा रहे थ। इसी दौरान ऊपर से एक सरिया उनके कार के शीशे पर आ गिरा। सरिया शीशे को तोड़ते हुए अंदर घुस गया। उसका हिस्सा टूटकर सीट के पास भी गिरा। इससे कार चला रहे देव सिंघल को हल्की चोट आई। नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। इस घटना के बाद से कारोबारियों में रोष है। दोपहर बाद युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ने वहा प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया। दरअसल नोएडा प्राधिकरण यहां एलिवेटड का निर्माण कर रहा है। इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाना चाहिए था। लेकिन वैरिएशन और तकनीकी खामी के चलते इसका निर्माण पूरा नहीं हो सका। यहां सुरक्षा मानको की अनदेखी भी की गई। निर्माणाधीन साइट पर कोई भी जाल नहीं लगाया गया है। जिससे सरिया या अन्य सामान जो ऊपर से गिरे उसे रोका जा सके। इससे पहले भी कई बार सरिया और एक बार पिलर का पूरा जाल ही सड़क पर गिर गया था। व्यापार मंडल की ओर से कई बार शिकायत भी की गई। लेकिन प्राधिकरण की ओर से ध्यान नहीं दिया गया। पुलिस पीआरओ पंकज सिंह ने बताया कि देव सिंघल सेक्टर-44 छलेरा में रहते है। वो अपने घर जा रहे थे। इस दौरान पिलर नंबर-71 के पास से जैसे ही उनकी कार पहुंची करीब दो से ढाई फीट लंबी सरिया का गुच्छा उनकी कार पर गिरी। ये सरिया ड्राइवर की तरफ ही गिरी। सरिया सीधे कार के अंदर घुस गई। स्पीड कम होने से देव ने कार को डिसबेलेंस होने से बचा लिया। इसके बाद कार को साइड में किया। युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि यहां सुरक्षा मानकों पर ध्यान नहीं दिया गया है। अब तक इसका निर्माण पूरा होता था। लेकिन नहीं हुआ। यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।



■ निर्माणाधीन एलिवेटड के नीचे से जा रही थी कार, सुरक्षा के नहीं इंतजाम

## निगम प्राथमिकता पर कराएगा पार्कों के सौंदर्यकरण का कार्य

**गाजियाबाद,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम मुख्यालय में विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा जनसुनवाई की गई जिसके क्रम में कई क्षेत्रीय पार्षदों ने भी नगर आयुक्त से मुलाकात की वार्ड संख्या 13 घुकना के जनप्रतिनिधि संजय कुमार, वार्ड संख्या 100 के पार्षद संजय, वार्ड संख्या 67 के पार्षद अजय शर्मा व अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी शहर की स्वच्छता के साथ-साथ सौंदर्यकरण पर विशेष चर्चा की।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में न केवल शहर की स्वच्छता पर निगम अधिकारी विशेष ध्यान दे रहे हैं बल्कि सौंदर्य करण पर भी योजना बनाई जा रही है जिसमें प्राथमिकता पर पार्कों के अंदर सौंदर्य करण का कार्य किया जाएगा पार्कों की रंगाई पुताई, मरम्मत का कार्य भी प्रारंभ कराया जाएगा। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक शहर के विकास में अहम निर्णय ले रहे हैं, जहां स्वास्थ्य विभाग को लगातार शहर की स्वच्छता के प्रति मोटिवेट किया हुआ है, वहीं दूसरी ओर उद्यान विभाग को भी ग्रीन बेल्ट सेंट्रल वर्ग तथा पार्कों को सुसज्जित करने के लिए भी योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए हुए हैं, धन की उपलब्धता के आधार पर प्राथमिकता पर शहर के सौंदर्यकरण का कार्य निगम द्वारा माननीय पार्षदों के सुझाव अनुसार उनके क्षेत्र में कराया जाएगा जो की सराहनीय है।



■ नगर आयुक्त ने जनसुनवाई के दौरान पार्षदों से की चर्चा

## आयुष्मान भवः योजना-जिला स्वास्थ्य समिति ने किया कार्यक्रम आयोजित

**■ लोगों को दिखाया राष्ट्रपति योजना के उद्घाटन का सजीव प्रसारण**

**■ शहर को बीमारियों से बचाने के लिए स्वच्छता का रखे विशेष ध्यान: कश्यप**

**गाजियाबाद,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। केन्द्रीय एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजना आयुष्मान भवः के तहत जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय, संजय नगर के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सजीव प्रसारण में डॉ.मनसुख मंडविया केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने मंच संचालन के दौरान उपस्थित गणमान्य को एवं सजीव प्रसारण देख रहे गणमान्य को सम्बोधित करते हुए आयुष्मान भवः कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होने कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान, रक्तदान और अंगदान की महत्वता और लाभ की जानकारी दी। कार्यक्रम में एलईडी के माध्यम से सजीव प्रसारण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों सहित केन्द्रीय मंत्रियों एवं राज्यमंत्रियों की मौजूदगी में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू ने आयुष्मान भवः योजना एवं पोर्टल का उद्घाटन किया गया। राष्ट्रपति ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत के आखिरी गांव के आखिरी व्यक्ति तक इस योजना का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। प्रत्येक व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिलना चाहिए। हम सभी को शहरी स्तर से ग्रामीण स्तर तक मिलकर इस योजना को साकार करना होगा इससे ही स्वस्थ्य भारत का सपना साकार होगा। संयुक्त चिकित्सालय में हुए कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.भवतोष शंखधर ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का अभिनन्दन किया। कहा कि हमें अपने घर और आसपास के क्षेत्रों में सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए जिसे की हम संचारी और गैर संचारी रोगों से सुरक्षित रह सके। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप एवं जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती ममता त्यागी को पौधा भेंट कर स्वागत किया और कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्यों का स्वागत किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आयुष्मान भवः योजना स्वास्थ्य सेवाओं को वृहद स्तर पर मजबूत बनाएगी। सभी अन्तोदय कार्ड धारकों के आयुष्मान कार्ड सहित हजारों लोगों के कार्ड बनाये गये हैं। जनपद में 2626 लोगों ने आयुष्मान कार्ड के जरीये इलाज करवाया है जिसमें शासन द्वारा 47 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया। आयुष्मान कार्ड बनवाने में गाजियाबाद पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है जिसके लिए जनपद को लखनऊ में सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जो लोग आयुष्मान कार्ड के लिए पात्र है वे मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं।



इसके साथ ही सभी को आभा कार्ड भी बनवाना चाहिए। इसके लिए आप मोबाइल पर एप्प डाउनलोड कर सकते है और फार्म भरे, इससे आपके स्वास्थ्य की जानकारी ऑनलाइन दर्ज रहेंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी को अपने घर के कूलर, फ्रीज, गमले, खाली डिब्बे सहित सभी चीजों सहित घर और घर के आसपास सफाई रखनी चाहिए, जिससे की कोई बीमारी पनप ना पाये। उन्होने कहा कि रक्तदान और अंगदान महादान है सभी को रक्तदान और अंग दान करना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन लोगों ने श्रमिक कार्ड बनवायें है उनके आयुष्मान कार्ड बनवाये जा रहे हैं इस योजना का लाभ जरूर लें। उन्होने स्वास्थ्य कर्मियों से आग्रह किया कि उनके पास आने वाले मरीजों को इस योजना के लाभ पाने हेतु जागरूक करें। पूरे जनपद में वृहद जागरूकता अभियान चलाकर निगम, वार्ड, ब्लॉक व ग्रामीण स्तर पर सभी पात्र व्यक्तियों को जागरूक किया जाये।

## क्षय रोगियों का पोषण करने पर एनईए को दिया गया प्रशस्ति पत्र

**नोएडा,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। क्षय रोगियों को गोद लेकर उनका पोषण और भावात्मक संरक्षण प्रदान करने वाले नोएडा एंटप्रिन्योर्स एसोसिएशन को सीएमओ की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि टीबी मुक्त भारत के उद्देश्य से नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोसिएशन द्वारा जनपद के क्षय रोगियों को गोद लेकर विगत 2 वर्षों से लगातार पोषण एंव भावनात्मक संरक्षण प्रदान किया जा रहा है। ये अपने आप में एक सराहनीय कार्य है । हम जनहित में किए गए इस योगदान को नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन एंव उनकी पूरी टीम को बधाई देते हैं ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे आयुष्मान भवः कार्यक्रम के अन्तर्गत सेवा पखवाडा, आयुष्मान आपके द्वार 3.0 आयुष्मान मेला. आयुष्मान सभा आयुष्मान ग्राम पंचायत / आयुष्मान नगरीय वार्ड के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही इन योजनाओं का लाभ सभी नागरिक उठा सकते है।



उवाच "

सौ प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेश निवेश, फार्न्यून 500 व ईटी 200 सूची में शामिल कंपनियों को वस्तुनिष्ठ मानक के मूल्यांकन के अतिरिक्त 25 अंक दिए जाएंगे। कुल 90 अंक में सबसे अधिक प्राप्त करने वाली कंपनियों का सीईओ की अध्यक्षता में गठित समिति साक्षात्कार करेगी। अब मिशनरी पर पर दस के बजाय 15 अंक दिया जाएगा। स्टार्ट अप को अलग से 5 अंक दिए जाएंगे।

**डॉ. अरुणवीर सिंह, यमुना प्राधिकरण सीईओ**



# औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए आवंटन नीति में प्राधिकरण ने किया बदलाव

- प्राधिकरण अब औद्योगिक भूखंड ऑक्षन के बजाय साक्षात्कार के माध्यम से करेगा आवंटन
- यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण की 78वीं बोर्ड़ बैठक में लिया गया फैसला

**ग्रेटर नोएडा,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास ने हजारों करोड़ औद्योगिक निवेश को लेकर भूखंड आवंटन नीति में बदलाव किया है। प्राधिकरण बोर्ड ने औद्योगिक भूखंड आवंटन में ऑक्षन की प्रक्रिया को समाप्त कर दिया है। पुरानी प्रक्रिया को बहाल कर दिया है। अब चार हजार वर्गमीटर से बड़े भूखंड का आवंटन अब साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। साक्षात्कार में छह वस्तुनिष्ठ मानक के मूल्यांकन शामिल किए गए है। जिसमें रोजगार, कंपनी के क्रियाशील, उत्पादन, स्टेट टैक्स, सीएसआर खर्च, लोकल इकोनामी को बढ़ाने को देखा जाएगा। औद्योगिक डिटेल प्रोजेक्ट आवंटन पत्र का हिस्सा होगा। यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण की बुधवार 78 वीं बोर्ड बैठक में यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। बोर्ड बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास व प्राधिकरण की अध्यक्ष अनिल सागर की अध्यक्षता में हुई।

यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा0 अरूणवीर सिंह ने बताया कि सौ प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेषी निवेश, ईटी 200 व फार्च्यून 500 कंपनी में सूची में शामिल कंपनियों को भूखंड आवंटन हो सकेगा। वस्तुनिष्ठ मानक के




मूल्यांकन में इन कंपनियों को 25 प्रतिशत अंक दिए जाएंगे। हालांकि सीईओ की अध्यक्षता में गठित समिति के के सामने साक्षात्कार की प्रक्रिया से गुजरना होगा। प्रदेश सरकार ने ओद्योगिक निवेश जुटाने के लिए फरवरी में लखनउ में ग्लोबल इंवेस्टर्स का आयोजन किया था। इसमें 33.50 लाख करोड़ रूपए के निवेश अनुबंध किए थे। यमुना प्राधिकरण ने इंवेस्टर्स समिट में 1.79 लाख करोड़ के 152 निवेष अनुबंध किए थे। इसमें मेगा श्रेणी से लेकर अल्ट्रा मेगा श्रेणी में निवेश में अनुभव भी शामिल है। लेकिन हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव को सात माह बाद भी धरातल पर उतारा नहीं जा सकता। प्रदेश सरकार की तरफसे शासनादेश जारी होना, जिसके आधार अनुबंध करने वाली कंपनियों को भूखंड आवंटन की प्रक्रिया तय होनी थी। लेकिन यह शासनदेश जारी नही हो सका। यमुना प्राधिकरण ने बड़े निवेष प्रस्तावों को जमीन उपलब्ध कराने के लिए अपने स्तर से नीति तैयार की है। अब बड़े कंपनियों को फास्ट ट्रैक के आधार पर औद्योगिक भूखंड आवंटन की प्रक्रिया का रास्ता साफहो गया है।

सीईओ ने बताया कि सौ प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेश निवेश, फार्न्यून 500 व ईटी 200 सूची में शामिल कंपनियों को वस्तुनिष्ठ मानक के मूल्यांकन के अतिरिक्त 25 अंक दिए जाएंगे। कुल 90 अंक में सबसे अधिक प्राप्त करने वाली कंपनियों का सीईओ की अध्यक्षता में गठित समिति साक्षात्कार करेगी। अब मिशनरी पर पर दस के बजाय 15 अंक दिया जाएगा। स्टार्ट अप को अलग से 5 अंक दिए जाएंगे।

सीईओ ने बताया कि औद्योगिक भूखंड आवंटन नीति बनने के बाद प्राधिकरण अगले सप्ताह डाटा सेंटर, औद्योगिक, मिक्स लैंड यूज की योजना लाएगा। सीईओ ने बताया कि डाटा सेंटर पार्क के लिए भूखंड आवंटन में प्राधिकरण ने ग्रेटर और नोएडा प्राधिकरण नीति को अपनाया है। सीईओ ने बताया कि डाटा पार्क के लिए पहले योजना निकाली थी। आवंटन ष्षर्त में भी बदलाव किया गया। पहले डाटा पार्क में जो दो आवेदन आए थे अब उन्हे दोबारा आवेदन करना होगा।

**संस्थागत भूखंड आवंटन नीति में बदलाव**

यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण बोर्ड ने संस्थागत भूखंड आवंटन नीति में बदलाव किया है। विशवविद्यालय, मिल्क बूथ, सब्जी बूथ, धार्मिक स्थल, को आक्षन से भूखंड आवंटन नहीं किया जाएगा। इसके अलावा स्कूल, अस्पताल, नर्सिग होम, कारपोरेट आफिस, सीनियन सेकेंडरी स्कूल, इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेज को ऑक्षन के माध्यम से भूखंउ आवंटित किया जाएगा। आनाथालय, वृद्धा आश्राम, विधवा आश्राम के लिए भूखंड आवंटन को लेकर स्टीड कराया जाएगा। इसके बाद भूखंउ आवंटित किया जाएगा।

## यमुना प्राधिकरण एक्सप्रेसवे को जमीन देने वाले 50 हजार किसानों को मिली राहत



- गौतमबुद्धनगर से आगरा तक किसानों को जल्द मिलेगा अतिरिक्त मुआवजा
- किसानों को 1698 करोड़ का रूपये अतिरिक्त जल्द किया जाएगा वितरित
- प्राधिकरण ने जेपी इंफ्राटेक के 32 हजार फ्लैट खरीदारों को भी दी राहत
- यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में लिया गया बड़ा फैसला

**ग्रेटर नोएडा।** जेपी इंफ्राटेक को टेकरओवर करने वाली कंपनी सुरक्षा के प्लान को यमुना प्राधिकरण बोर्ड ने मंजूर कर लिया। यमुना एक्सप्रेसवे पर अब 15 साल अधिक टोल वसूला जाएगा। एफएआर बढ़ाने पर भी मुहर लग गई। सुरक्षा को किसानों के अतिरिक्त मुआवजे का 1698 करोड़ रुपए एकमुश्त देना होगा। इस फैसले से जेपी के 32 हजार फ्लैट खरीदारों को भी राहत मिलेगी। जेपी इंफ्राटेक को टेकरओवर करने वाली कंपनी सुरक्षा टेकओवर कर रही है। जेपी ने यमुना एक्सप्रेसवे बनाया है। इसके बदले 500-500 हेक्टेयर की पांच एलएफडी (लैंड फॉर डेवलमेंट)मिली हैं। नोएडा की एलएफडी में करीब 32 हजार फ्लैट खरीदार हैं। सुरक्षा ने एनसीएलटी में अपना प्लान सौंपा था। एनसीएलटी ने सुरक्षा और यमुना प्राधिकरण से प्लान पर वार्ता करके सहमति बनाने के लिए कहा था। सुरक्षा ने जो प्लान यमुना प्राधिकरण को सौंपा था, उसे बोर्ड में रखा गया। सुरक्षा ने परियोजना को चलाने के लिए टोल वसूलने का समय बढ़ाने के लिए कहा था। जेपी के साथ 36 साल तक टोल वसूली का अनुबंध है। 2012 से टोल वसूली हो रही है। अब इसमें 15 साल और बढ़ जाएंगे। हाउसिंग परियोजनाओं को पूरा करने के लिए नोएडा की एलएफडी में एफएआर बढ़ाने की मांग की थी। यहां पर 1.5 से 1.8 एफएआर का प्रयोग हुआ है। अब यह 2.6 कर दिया गया है। इससे हाउसिंग परियोजनाएं पूरी हो सकेंगी।

ग्रेटर नोएडा से आगरा तक एक्सप्रेसवे में किसानों की जमीन गई है। इन किसानों को अतिरिक्त मुआवजा दिया जाना है। किसानों को 1698 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाना है। प्रस्ताव में कहा गया है कि सुरक्षा को यह पैसा एकमुश्त देना होगा। इस फैसले से करीब 50 हजार किसानों को अतिरिक्त मुआवजा मिल सकेगा। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि सुरक्षा के प्रस्ताव को अब सरकार को भेजा जाएगा। सरकार की अनुमति के बाद इसे एनसीएलटी में भेजा जाएगा। इसके बाद इस पर अमल शुरू हो जाएगा।

**हाउसिंग सोसाइटी को भी मंजूरी**

यमुना प्राधिकरण ने हाउसिंग सोसाइटी को मंजूरी दे दी। प्राधिकरण आवासीय सोसाइटी के लिए जमीन आवंटित करेगा। नीति तय करके योजना निकाली जाएगी। नोएडा में 32 और ग्रेटर नोएडा में 35 हाउसिंग सोसाइटी हैं। अधिकारियों का कहना है कि हाउसिंग सोसाइटी से ही शहर की बसावट तेज होती है।

## यमुना प्राधिकरण ने संस्थागत, व्यावसायिक समेत अन्य आवंटित को दी राहत

- औद्योगिक, ग्रुप हाउसिंग, व्यावसायिक और संस्थागत आवंटियों के बकायेदारों को एक मुश्त भुगतान का मिला लाभ
- यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में लिया गया फैसला
- यमुना प्राधिकरण ने आवंटियों को दिया जीरो परियड का लाभ

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण के संस्थागत, व्यावसायिक, औद्योगिक और ग्रुप हाउसिंग आवंटियों के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) को मंजूरी मिल गई। बकायेदार आवंटी पहली अक्टूबर से इसमें आवेदन कर सकेंगे। एक महीने तक यह योजना चलेगी। यमुना प्राधिकरण ने पहले आवासीय आवंटियों के लिए ओटीएस शुरू की थी। अब संस्थागत, व्यावसायिक, औद्योगिक और ग्रुप हाउसिंग के बकायेदार आवंटियों के लिए भी यह योजना लागू होगी। बोर्ड ने एक महीने के लिए इस योजना को मंजूरी दी है। पहली अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक इस योजना का लाभ लिया जा सकता है। बकायेदारों औद्योगिक आवंटियों पर 383 करोड़, संस्थागत पर 3132 करोड़ और व्यावसायिक आवंटियों पर 2500 करोड़ रुपए बकाया है। इन आवंटियों को दंड ब्याज से छूट मिल सकेगी। यमुना प्राधिकरण ने ग्रुप हाउसिंग योजना में 180 दिन के बजाय पांच साल में पैसा जमा करना होगा। प्राधिकरण की ग्रुप हाउसिंग की योजना में आवेदन नहीं आने से इसमें बदलाव किया गया है। ग्रुप हाउसिंग योजना में भूखंड लेने वाले आवंटियों को किश्त में पैसा जमा कर सकेंगे। यमुना प्राधिकरण ने जीरो पीरियड पॉलिसी पर मुहर लगा दी। इस योजना में एक और बिंदु जोड़ा गया है। अगर प्राधिकरण ने भूखंड की रजिस्ट्री कर दी और कब्जा दे दिया। लेकिन, वहां तह पहुंचने का रास्ता नहीं है तो भी आवंटी को जीरो पीरियड का लाभ मिलेगा। जीरो पीरियड के दौरान जुर्माना आदि नहीं लगता है।

## भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण से महंगाई व बेरोजगारी चरम सीमा पर : नरेश उत्तम

- सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ की समीक्षा बैठक



**ग्रेटर नोएडा,**13 सितम्बर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश विधान परिषद आश्वासन समिति के सभापति नरेश उत्तम पटेल ने समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर आयोजित पार्टी के कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान वे ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण पर धरना दे रहे किसानों के बीच में पहुंचे और किसानों के इस संघर्ष में समाजवादी पार्टी का पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। प्रेस वार्ता में उन्होने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण से महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर है। सरकार को जनता की परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में गरीब किसान, मजदूर, दलित, महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है। आज प्रदेश भर में किसान अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतरकर संघर्ष कर रहा है, लेकिन निरंकुश भाजपा सरकार किसानों को उनका हक नहीं देना चाहती। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा अपने राजनीतिक हित के लिए लोकतंत्र की हत्या कर रही है, लेकिन जनता अब सच्चाई जान चुकी है और आगामी लोकसभा चुनाव में उसे सबक सिखाने का काम करेगी। और कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है, घोसी विधानसभा जीत इसका ताजा उदाहरण है। लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी एवं इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश में बड़ी जीत हासिल करेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार भाटी, प्रदेश प्रवक्ता महेश आर्य, बीर सिंह यादव, फकीर चंद नागर, आदि मौजूद रहे।

## एनसीसी की छात्राओं ने वृद्धाश्रम में सेवाभाव से वितरित की आवश्यक सामग्री

**ग्रेटर नोएडा,**13 सितम्बर (देशबन्धु)। मंगलमय संस्थान के एनसीसी कैडेट्स व छात्र-छात्राओं ने 31 यूपी गर्ल्स बटालियन के साथ मिलकर एक वृद्धाश्रम में दौरा किया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन अतुल मंगल ने कम्बल बंटवायें व उपहार स्वरूप बहुत सारा सामान दिया। संस्थान के वाइस चेयरमैन आयुष मंगल ने समाज को एक संदेश दिया कि आजकल हम कहीं न कहीं मानवता को भूलते जा रहे हैं, हम सबको एक अच्छा इंसान होना जरूरी है। संस्थान की निदेशिका डॉ. गीति शर्मा व संस्थान की एक्सीक्यूटिव डायरेक्टर प्रेरणा मंगल ने सबको संदेश भेजा कि हमारे माता-पिता ही सर्वोपरि हैं हमें उनका सम्मान करना चाहिए। इस प्रस्थान को संस्थान की एनसीसी ऑफीसर लेफ्टिनेण्ट डॉ. सीमा सिंह ने संचालित किया। एनसीसी कैडेट्स ने बिस्कुट फ्रूटी, फल, मिठाई व नमकीन वितरित किये। पलक, रितु वर्निका, निकिता, रेखा, नेहा चौहान, रेखा शर्मा, प्रियंका करन व रूचि चौहान, दिया ने कुछ सामान वितरित किया व कुछ भाव विभारे पल व्यतीत किये। इस अवसर पर डॉ. हिमानी, डॉ. अंजली, दिव्या भी उपस्थित थी। डीन डॉ. ललित शर्मा व एसोसिएट डीन डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने भी अपना संदेश भेजा। वहां का वातावरण भाव विभोर करने वाला था सभी वृद्ध लोगों ने आर्शीवाद दिया व सबका सहयोग व साथ के लिए धन्यवाद किया।



## शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बदायूं बीएसए के खिलाफ मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

ग्रेटर नोएडा,13 सितम्बर (देशबन्धु)। प्राथमिक शिक्षक संघ बदायू के जिलाध्यक्ष को शिक्षक दिवस पर निलंबित करने को लेकर शिक्षकों में गुस्सा देखने को मिला। इस कार्यवाही के विरोध में प्रदेश के सभी जनपदों की भांति बुधवार को गौतमबुद्ध नगर में भी प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है। मण्डल अध्यक्ष मेघराज भाटी ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जिला अध्यक्ष का ही नहीं बल्कि प्रदेश के समस्त शिक्षकों का अपमान किया जो किसी भी तरह से स्वीकार नहीं होगा। जिलाध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि अभी ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराया जा रहा है कार्यवाही नहीं होने पर प्रदेश का सम्पूर्ण शिक्षक अनिश्चित काल के के लिए बंदायू धरने पर बैठेंगे।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## सभापति आश्वासन समिति की नरेश उत्तम की अध्यक्षता में हुई बैठक




- जिलाधिकारी के नेतृत्व में अधिकारियों ने 11 बिंदुओं से सभापति को कराया अवगत

**ग्रेटर नोएडा,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। सभापति आश्वासन समिति उत्तर प्रदेश विधान परिषद नरेश चंद्र उत्तम की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय के सभागार में आश्वासन समिति के निर्धारित 11 बिंदुओं की समीक्षा बैठक हुई। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सभापति एवं सदस्य गणों का स्वागत किया। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने सभापति को आश्वासन समिति के निर्धारित 11 बिंदुओं को लेकर की गई प्रगति से अवगत कराया। बैठक में सभापति ने मान्यता प्राप्त विद्यालय से विद्युत कर सामान्य दर से लिए जाने के संबंध में, कितने ग्राम सभा में मजरे हैं जिनका विद्युतीकरण होना अवशेष है, ग्रामीण अथवा शहरी क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या समाप्त होने की समय सीमा निर्धारित करने की जानकारी चाही, जिसके क्रम में विद्युत विभाग के अधिकारियों ने सभापति को अवगत कराया कि मान्यता प्राप्त विद्यालयों से उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार विद्युत कर लिया जाता है एवं जेवर में कुल 10 मजरों का विद्युतीकरण कराया जाना अवशेष है। इसी प्रकार एनपीसीएल के अधिकारियों ने सभापति को अवगत कराया कि शासन के निर्देशों के क्रम में मान्यता प्राप्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से विद्युत कर 5 एवं 7.5 प्रतिशत की दर से लिया जाता है। एनपीसीएल के विद्युत वितरण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम सभायें एवं मजरे विद्युतीकृत हो चुके हैं व समस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में लो वोल्टेज की कोई समस्या नहीं है तथा निर्धारित वोल्टेज पर ही विद्युत की आपूर्ति की जा रही है। सभापति ने कनावली गांव में दबंगों द्वारा दलितों के घर को जबरन ध्वस्त किए जाने के प्रकरण के संबंध में जानकारी चाही, जिसके क्रम में पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने सभापति को उक्त प्रकरण में की गई कार्रवाई से विस्तार से अवगत कराते हुए उनको आश्वस्त किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अधिकारियों द्वारा 11 बिंदुओं पर अवगत कराई गई प्रगति रिपोर्ट पर सभापति ने संतोष प्रकट किया।

## सांसद महेश शर्मा ने शहीद रिंकू चौधरी को दी श्रद्धांजलि



**जेवर,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। बुधवार को क्षेत्रीय सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा और जिला पंचायत अध्यक्ष ने जेवर क्षेत्र का भ्रमण कर बीजेपी के मेरी माटी मेरा देश अभियान मे शामिल होकर उसे आगे बढ़ाने पर जोर दिया। इसके बाद वह गांव भबोकरा पहुंचे और शहीद रिंकू चौधरी को श्रद्धांजलि देकर क्षेत्र के शहीद जवानों को याद किया। सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा और जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी ने बुधवार को जेवर पहुंच बीजेपी द्वारा चलाए जा रहे मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत घरों से कलश में मिट्टी एकत्रित कर अभियान को आगे बढ़ाया। इसके बाद वह बीजेपी के कार्यकर्ताओं के साथ गांव भवोकरा पहुंचे और उन्होंने सैना के जवान शहीद रिंकू चौधरी के आवास पर जाकर उनको श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वह गांव थोरा व नीमका मे पहुंचे और जिन लोगों के आकस्मिक निधन हुए थे उनके परिवार से मिलकर उनको सांत्वना दी। इस मौके पर अभियान संयोजक एवं महामंत्री रोहित ठाकुर, देवेंद्र भारद्वाज, संजय रावत, रबूपुरा मंडल अध्यक्ष नरेश शर्मा, क्षेत्रीय् महामंत्री हरीश ठाकुर, मनोज जैन, सांसद प्रतिनिधि सतपाल तालान, संजीव शर्मा, अनुराग शर्मा, राजेंद्र चौधरी, बॉबी शर्मा, डॉ प्रदीप चौधरी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नव प्रवेशित विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के साथ कौशल बढ़ाने के लिए किया प्रेरित



**ग्रेटर नोएडा,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। आई.टी.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक कोर्स का 18वां तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली के पूर्व कुलपति डॉ. के.के. अग्रवाल और वरिष्ठ प्रबंधक और हेड एचआर एबिक्स सॉफ्टवेयर इंडिया श्रद्धा विजय भार्गव उपस्थित थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राइवेट लिमिटेड के अलावा आई.टी.एस द एजुकेशन ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. आर.पी. चड्ढा और कॉलेज के निदेशक प्रो. डॉ. मयंक गर्ग उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष एक शुभ दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई, ताकि उनका आशीर्वाद प्राप्त किया जा सके और अंधेरे और अज्ञानता की निराशा को दूर किया जा सके। मुख्य अतिथि ने देश में इंजीनियरों के कई उदाहरण और राष्ट्र के विकास में उनके योगदान का हवाला देकर आई.टी.एस परिवार के नए सदस्यों के साथ अपने अनुभव साझा किए। श्रद्धा विजय भार्गव ने उपदेशात्मक हुए बिना युवा दर्शकों से जुड़ने के लिए अपने जीवन से कई उदाहरण उद्धृत किए। संस्थान के निदेशक डॉ. मयंक गर्ग ने भी दर्शकों के ऊर्जावान समूह के साथ बातचीत करने का अवसर लिया। उन्होंने नैतिक मूल्यों को विकसित करने के अलावा तकनीकी और सॉफ्ट कौशल दोनों के निरंतर उन्नयन पर जोर दिया। इंजीनियरिंग कार्यक्रम की कार्य संरचना पर एएसएच विभाग के प्रमुख, प्रशासनिक कार्यालय के कामकाज के बारे में कॉलेज के रजिस्ट्रार नितिन गुप्ता, उद्यमिता विकास सेल पर उपेन्द्र अग्रवाल।

## ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ बनाने के लिए एचसीएल फाउंडेशन ने बढ़ाया हाथ

- ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और एचसीएल फाऊंडेशन के बीच तीन साल के लिए हुआ करार
- फाउंडेशन कंट्रोल एंड कमांड सेंटर बनाएगा, एमआरएफ सेंटर को चलाने के लिए फंड देगा
- सीईओ व एसीईओ की मौजूदगी में ओएसडी ने फाउंडेशन के साथ करार पर साइन किए

**ग्रेटर नोएडा,**13 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा की स्वच्छता मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए एचसीएल फाउंडेशन ने प्राधिकरण से हाथ मिलाया है। बुधवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार और एसीईओ मेधा रूपम की मौजूदगी में ओएसडी रजनीकांत पांडेय ने एचसीएल फाउंडेशन के साथ करार पर हस्ताक्षर किए। कॉरपोरेट सोशल रेस्पॉसबिलिटी के अंतर्गत एचसीएल फाउंडेशन 'मेरा स्वच्छ शहर' अभियान के अंतर्गत अगले तीन साल तक ग्रेटर नोएडा शहर को कूड़ा मुक्त बनाने के लिए निवासियों को जागरूक करने में सहयोग करेगा। इस मुहिम को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए ग्रेटर नोएडा में एक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर भी बनाएगा। साथ ही इकोटेक-12 स्थित एमआरएफसेंटर को मशीनरी लगाकर कर संचालित करने में वित्तीय सहयोग भी करेगा।



दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए स्वच्छता अभियान चला रहा है। जनरेटरों को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के नियमों को लागू कर सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों से कूड़े को प्रोसेस कराया जा रहा है। गांवों व सेक्टरों में डोर टू डोर कलेक्शन सिस्टम लागू किया गया है। गीले और सुखी कूड़े को सेग्रिगेट कर प्रोसेस किया जा रहा है। प्राधिकरण और एचसीएल फाउंडेशन ने मिलकर अब इस अभियान से ग्रेटर नोएडावासियों को जोड़ते हुए जागरुकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में बुधवार को प्राधिकरण के बोर्ड रूम में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार और एसीईओ मेधा रूपम की मौजूदगी में ओएसडी रजनीकांत पांडेय और एचसीएल फाउंडेशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आलोक वर्मा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस जागरुकता अभियान के अंतर्गत एचसीएल फाउंडेशन गीले और सूखे कूड़े को अलग रखने, उसे प्रोसेस करने, इधर-उधर कूड़ा न फेंकने, कूड़े से होने वाली बीमारियों और उनसे बचाव के उपाय आदि के प्रति जागरूक करने के लिए प्राधिकरण और एचसीएल फाउंडेशन जागरुकता अभियान चलाएंगे। फाउंडेशन की टीम सेक्टरों, गांवों व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में जाकर लोगों को जागरूक करेगी। इसके साथ ही यूएनडीपी और एचडीएफसी बैंक द्वारा सेक्टर ईकोटेक-12 में निर्मित एमआरएफसेंटर को एचसीएल फाउंडेशन मशीनरी लगाने के लिए फंड उपलब्ध कराएगा। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने एचसीएल फाउंडेशन से ग्रेटर नोएडा के किसी एक गांव को मॉडल गांव के रूप में विकसित करने का लक्ष्य दिया है, जिसमें न सिर्फ स्वच्छता के उच्च मानक स्थापित हों, बल्कि अन्य सभी सुविधाएं भी उपलब्ध हों। उन्होंने फाउंडेशन को प्राधिकरण की तरफ से हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। बुधवार को प्राधिकरण और एचसीएल फाउंडेशन के बीच करार के समय प्राधिकरण के ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रबंधक उत्सव निरंजन के अलावा एचसीएल फाउंडेशन से डॉ निधि पुंडीर, रिति मल्होत्रा व ईवाई के प्रतिनिधि विपुल गुलाटी समेत अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 14 सितम्बर 2023

*संस्थापक-सम्पादक :* स्व. मायाराम सुरजन

## अपराधियों से मुक्त संसद दूर की कौड़ी

स्वस्थ लोकतंत्र का आधार साफ-सुथरे चरित्र के जनप्रतिनिधि होते हैं। प्राचीन काल से अब तक यह मान्यता है कि जो भी व्यक्ति ऊंचे ओहदे पर बैठा हो, उसका चरित्र और व्यवहार बेदाग हो। आपराधिक पृष्ठभूमि के व्यक्तियों से न तो कानूनों के निर्माण में ईमानदारी बरतने की उम्मीद की जा सकती है और न ही उसके क्रियान्वयन की। अगर वे देश की सबसे ऊंची पंचायत यानी संसद में बैठे हों जहां से देश की तमाम गतिविधियों का संचालन होता हो, तो उनके निर्मल व उज्वल चरित्र की अपेक्षा सर्वाधिक होना अपेक्षित ही है। किसी भी देश की परिस्थितियों का निर्धारण संसद में जनता की नुमाइंदगी करने वालों के चरित्र से होता है। देश व समाज को दिशा देने वाले तथा उसकी नियति तय करने वाले ही अगर भ्रष्ट हों तो, हत्यारे हों, अपहरणकर्ता हों तो वे कैसा समाज बनायेंगे, इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है।

भारत की मौजूदा दुर्दशा के अनेक कारण गिनाये जा सकते हैं लेकिन उनमें से एक प्रमुख कारण यह है कि हमारी संसद अपराधी तत्वों से भरी पड़ी है। दुनिया के विकसित एवं लोकतांत्रिक तौर पर परिपक्व राष्ट्रों की संसदों में चरित्रवान और कुशाग्र लोगों को भेजने की होड़ होती है। अपवाद स्वरूप कुछ लोग हो सकते हैं जो आपराधिक रिकार्ड के साथ संसद में जा बैठते होंगे, परन्तु भारतीय संसद में उनका जैसा बड़ा जमावड़ा है वह देश के लिये बहुत घातक है। कानून तोड़ने वाले और लोकतंत्र एक साथ नहीं चल सकते। जिस बड़े पैमाने पर अपराधी चुनकर संसद में बैठते हैं, अगर जनता की वही पसंद है तो कहा जा सकता है कि ऐसी जनता अपने ही पांवों पर कुल्हाड़ी मार रही है और उसे खुद के या अपनी भावी पीढ़ियों के लिये अच्छे भविष्य की उम्मीद नहीं करनी चाहिये।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) की ताज़ा रिपोर्ट जो सामने दे रही है, उससे ऐसी चिंता होनी स्वाभाविक है। यह रिपोर्ट लोकसभा व राज्यसभा की 776 सीटों में से 763 मौजूदा सांसदों के हलफनामों का अध्ययन कर तैयार की गई है जिनमें उन्होंने अपनी जानकारी चुनावी प्रपत्र के साथ प्रस्तुत की थी। लोकसभा की चार एवं राज्यसभा की एक सीट खाली है तथा जम्मू-कश्मीर की सीटों की स्थिति अभी साफ नहीं है। इसलिये इन सीटों के सांसदों का अध्ययन इस रिपोर्ट में शामिल नहीं है। जो जानकारी इन सांसदों ने दी है, उसके मुताबिक मौजूदा 763 सांसदों में से 306 के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें भी 194 के विरूद्ध प्रकरण गम्भीर किस्म के हैं जो हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध आदि से सम्बन्धित हैं। आपराधिक प्रवृत्ति के नेताओं का साम्राज्य एक तरह से देश भर में फैला हुआ है जिसके लिये राज्य और पार्टियों की कोई सीमाएं नहीं हैं। गम्भीर किस्म के आपराधिक रिकार्ड वाले सांसद अनेक राज्यों और ज्यादातर दलों के है। यानी हमाम में सारे नंगे हैं। पार्टीवार आपराधिक रिकार्ड के सांसद इस प्रकार हैं- भारतीय जनता पार्टी के 385 में 139 (36 प्रतिशत), कांग्रेस 81 में 43 (53 प्रश), तृणमूल कांग्रेस के 36 में 14 (39 प्रश), राष्ट्रीय जनता दल के 6 में 5 (83 प्रश), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के 8 में 6 (75 प्रश), आम आदमी पार्टी के 11 में 3 (27 प्रश), वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के 31 में 13 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 8 में 3 (36 प्रश)।

यह किसी भी देश के लिये शुभ संकेत नहीं है। संसद को अपराधियों की शरण स्थली न बनाने के लाख दावों के बावजूद प्रमुख दल इसका पालन करते नहीं दिखते। एडीआर की ही पहले की एक रिपोर्ट में बतलाया गया था कि अपराधियों को राजनैतिक दल इसलिये टिकट देते हैं क्योंकि उनके जीतने की सम्भावना का प्रतिशत काफी अधिक होता है। फिर, यह ट्रेंड संसद तक ही सीमित नहीं है। राज्य स्तर पर विधानसभाओं और स्थानीय निकायों तक यही सिलसिला है जो ग्राम पंचायतों तक बदस्तूर कायम है। राजनीति में सारे हथकण्डों को जायज मान लेने का फैशन इस परम्परा को सघन कर रहा है। आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के पास बाहुबल और धनबल का अभाव न होने से पार्टियां टिकट देने के मामले में उन्हें तरज़ीह देती हैं। इससे पार्टी नेतृत्व का काम हल्का हो जाता है। ऐसे उम्मीदवारों को मदद देने के मामले में संगठन चिंतामुक्त हो जाते हैं। वे जानते हैं कि ऐसे लोग अपना इंतज़ाम स्वयं कर लेंगे।

अनेक मायनों में ये बुरे वक्त के संकेत हैं। लोकतंत्र के लिये बड़ा आवश्यक है कि प्रतिनिधि सभाएं अपराधियों से पूर्णत: मुक्त हों ताकि वे जनहित में साफ-सुथरे व निष्पक्ष निर्णय लें। आपराधिक तत्वों का संसद या विधायिका में बैठने का मतलब होता है कि वे अपने गिरोहों और गैरकानूनी कामों के लिए संरक्षण प्राप्त करते हैं। निर्वाचित जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी ताकत बेइंतिहा बढ़ जाती है। केन्द्र की हो या राज्य की सरकार, जिला प्रशासन हो या पुलिस प्रशासन- सारे उसके रूआब तले दबे रहते हैं। इसके कारण उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। या तो उनके विरूद्ध मामले वर्षों लम्बित रहते हैं या फैसला उनके पक्ष में होता है। हाल के वर्षों में कई ऐसे प्रकरण सामने आये हैं जिनमें कोई बलात्कार के आरोप से बेदाग छूटता है तो किसी में रिश्तेदार हत्या करके भी जेल जाने से बच जाते हैं। कभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि वे ऐसी न्याय व्यवस्था चाहते हैं जिसमें इन सदनों में बैठे लोगों के आपराधिक प्रकरणों का निपटारा थोड़े दिनों में अनिवार्य रूप से हो सके। ऐसा तो नहीं हुआ, उलटे आपराधिक रिकार्डधारी जनप्रतिनिधि कहीं अधिक दिख रहे हैं।

# भाषा के स्तर पर हीनता का भाव

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

8 से 10 तारीख तक जी-20 शिखर सम्मेलन कई कारणों से सुर्खियों में छाया रहा। आलीशान भारत मंडपम में एक रात की बारिश में पानी भर गया, गरीबों को छिपाने के लिए उन्हें उनके ही घरों में कैद कर, ऊपर से हरे पर्दे ढंक दिए गए, सड़क पर रहने वाले पशुओं को बेदर्दी के साथ बाड़ाबंद किया गया, सोने-चांदी के पानी चढ़े बर्तनों में मेहमानों को भोजन परोसा गया, सभी राष्ट्रों के मेहमान गांधी समाधि पर नमन करने गए और आखिर में चर्चा इस बात की भी रही कि दिल्ली घोषणापत्र पर आम सहमति बन गई। प्रधानमंत्री मोदी ने किस राष्ट्राध्यक्ष के साथ कितनी देर हाथ मिलाया, किसके साथ कैसी फोटो खिंचवाई, कौन आया, कौन नहीं आया, कोई नहीं आया तो उसके पीछे क्या कारण रहे, इन तमाम बातों पर भी चर्चाएं हुईं। इन सबके अलावा इंडिया हटाकर भारत कहने की मोदी सरकार की जिद भी जी-20 के मंच पर नजर आई। राष्ट्रपति के रात्रिभोज निमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया। प्रधानमंत्री मोदी के आगे प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत लिखा गया। भारत रोमन लिपि में लिखा गया, क्योंकि सभी विदेशी मेहमान देवनागरी से परिचित नहीं थे। उनके लिए इस देश का प्रचलित नाम इंडिया ही है, और इसमें कुछ असंवैधानिक नहीं है, क्योंकि इंडिया दैट इज़ भारत संविधान के पहले अनुच्छेद में ही लिखा गया है। लेकिन संविधान में लिखी बहुत सी बातों से भाजपा को जिस तरह आपत्ति है, उसी तरह इस बात से भी है। इंडिया को औपनिवेशिक दासता का प्रतीक बताया जा रहा है। लेकिन इस विरोध के पीछे ऐसा लग रहा है कि यह दासता का नहीं हीनताबोध का सवाल है। हीनता अंग्रेजी और हिंदी की तुलना को लेकर, हीनता चमड़ी के रंग को लेकर। इसलिए भारत में आज भी गोरेपन की क्रीम का विज्ञापन धड़ल्ले से होता है। पहले केवल लड़कियों के गोरेपन तक बात सीमित थी, अब लड़कों को भी गोरा दिखाने की चाहत पैदा हो गई है। विवाह के विज्ञापन में शादी योग्य लड़के या लड़की में योग्यता का पैमाना सुंदर और गोरे होने से भी तय होता है। इस हीनभावना को दूर किया जा सकता है, अगर हम अपनी खासियत पर ध्यान दें और उन कमजोरियों को दूर करने की कोशिश करें, जिनकी वजह से हम दुनिया के बाकी देशों से पिछड़े हुए हैं। सभी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की अच्छी व्यवस्था। देश के गांव-शहर साफ-सुथरे होना। काम और जाति के आधार पर किसी को छोटा या बड़ा न मानना। एक नागरिक के तौर पर अपने अधिकारों और कर्तव्यों के लिए जागरुक होना और समाज को भी जागरुक करना। इंसानों के साथ-साथ प्रकृति के अन्य जीवों, जंगलों, नदी-पहाड़ों का सम्मान करना। ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजना। ऐसी बहुत सी छोटी-छोटी बातों पर मेहनत करके हम दुनिया में आगे निकल सकते हैं। लेकिन आगे निकलने की जगह हम पिछड़ा होने की हीनता में ही उलझे हुए हैं।

> **इस देश का प्रचलित नाम इंडिया ही है, और इसमें कुछ असंवैधानिक नहीं है, क्योंकि इंडिया दैट इज़ भारत संविधान के पहले अनुच्छेद में ही लिखा गया है। लेकिन संविधान में लिखी बहुत सी बातों से भाजपा को जिस तरह आपत्ति है, उसी तरह इस बात से भी है। इंडिया को औपनिवेशिक दासता का प्रतीक बताया जा रहा है। लेकिन इस विरोध के पीछे ऐसा लग रहा है कि यह दासता का नहीं हीनताबोध का सवाल है।**

इस हीनता को कभी विश्वगुरु के तमगे से हम दूर करना चाहते हैं और कभी अपने शहरों को विदेशी शहरों जैसा बनाने की चाहत से दूर करने की कोशिश करते हैं। हीनता का एक भाव भाषा के स्तर पर भी दिखाई देता है। इसका एक उदाहरण जी-20 में नजर आया।

अमेरिकी विदेशमंत्री की प्रवक्ता मार्गरेट मैकलियोड जी-20 के लिए दिल्ली पहुंची थीं और यहां उन्होंने कई लोगों से हिंदी में ही बातचीत की। इसके बाद तो मीडिया में सुश्री मैकलियोड की चर्चाएं होने लगीं। कई चैनलों में दिखाया गया कि वे कितनी धाराप्रवाह हिंदी बोल लेती हैं। हिंदी सीखने के बारे में मार्गरेट मैकलियोड ने बताया कि उन्होंने जब दिल्ली स्कूल ऑफ इकानॉमिक्स में दाखिला लिया था तो वहां तो अंग्रेजी बोली जाती थी, लेकिन हॉस्टल में सहेलियों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने हिंदी सीखी। मार्गरेट रिक्शेवालों के साथ भी हिंदी में बात करती थीं ताकि भाषा पर पकड़ मजबूत बने। मसूरी के एक संस्थान से उन्होंने हिंदी की शिक्षा ली, और व्याकरण मजबूत किया। इसके अलावा अमेरिका में हिंदुस्तानी समुदाय के बीच वे हिंदी में ही बातचीत कर अपनी भाषा को दुरुस्त करती हैं। हिंदी के अलावा मार्गरेट ने गुजराती भी सीखी थी, हालांकि अब वो अच्छे से बोल नहीं पाती हैं। इसके अलावा उर्दू और फ्रेंच भी उन्हें आती है।

मार्गरेट मैकलियोड पहली अमेरिकी नागरिक नहीं हैं, जिन्हें अच्छी हिंदी आती है या जिन्होंने शौक से हिंदी सीखी हो। न ही वे पहली विदेशी हैं, जिन्होंने हिंदी का ज्ञान प्राप्त किया है। आजादी से पहले भी और प्राचीन काल में जब हिंदी का खड़ी बोली वाला अस्तित्व नहीं था, लेकिन संस्कृत और अन्य प्राचीन भारतीय भाषाएं चलन में थीं, तब भी विदेशी अध्येता भारत आते थे और यहां की भाषायी विविधता के सागर में डुबकी लगाते थे। कितने प्राचीन ग्रंथों का अनुवाद अंग्रेजी समेत दूसरी विदेशी भाषाओं में हुआ है और इसी तरह विश्व साहित्य के अनूठे ग्रंथ भारतीय भाषाओं में अनूदित हुए हैं। भाषा और ज्ञान इसी तरह मिलजुल कर बांटने और प्रसारित करने से ही बढ़ता है। दुनिया सभ्यता के इस मुकाम तक पहुंची है तो इसके पीछे हमारे पुरखों की उदार दृष्टि ही रही है। लेकिन अब भाषा को संकुचित दायरे में बांधा जा रहा है।

**पटना,**13 सितम्बर (देशबन्धु)। बुधवार को जदयू कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण विकास विभाग मंत्री श्रवण कुमार, लघु एवं जल संसाधन मंत्री जयंत राज एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री सुनील कुमार ने सभी जिलों से आए आमलोगों की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित अधिकारी को त्वरित निष्पादन हेतु निर्देशित किया। कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि भाजपा के खिलाफ समूचे देशभर में एक उम्मीदवार उतारने को लेकर जल्द ही फैसला लिया जाएगा। भाजपा इस बात से अब घबराहट में है लेकिन 2024 में इंडिया गठबंधन भाजपा को सत्ता से बेदखल कर उनकी घबराहट को दूर कर देगी। मंत्री ने कहा कि सीट शेयरिंग को लेकर इंडिया गठबंधन का शीर्ष नेतृत्व उचित समय पर उचित फैसला लेगा। जो निश्चित ही सबको स्वीकार होगा। अभी इंडिया गठबंधन का एकमात्र लक्ष्य है देश में महंगाई को खत्म करना, बेरोजगारी को खत्म करना और देश की सरकारी संपत्तियों को जो लोग आने-पौने दामों में बेच रहे हैं उनसे देश को मुक्ति दिलाना। जयंत राज ने कहा कि मौजूदा सरकार को केंद्र सत्ता से अपदस्थ करने के लिए सभी दलों के लोग अपने-अपने हितों से वाजिब समझौते करने के लिए तैयार है। यह बात सच है कि कोई भी राजनीतिक दल अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ना चाहता है लेकिन मौजूदा परिस्थितिया ऐसी है कि आज हम सभी को सबसे पहले देश हित में सोचने की आवश्यकता है।

### कमलनाथ के पोस्टर पर भड़की कांग्रेस,कहा

# अशांति फैलाने का काम कर रही भाजपा

**भोपाल,**13 सितम्बर (एजेंसियां)। कमलनाथ के पोस्टर मामले में कांग्रेस भड़क गई है। कांग्रेस ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए थाने में इसकी शिकायत की है। कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल हबीबगंज थाने पहुंचा और इस पूरे मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। इतना ही नहीं इस पूरे मामले में कांग्रेस ने भाजपा पर गंभीर आरोप भी लगाए।



■ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं पर की एफआईआर दर्ज करने की मांग

कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने थाने में दिए गए आवेदन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में स्पष्ट तौर पर हार का आभास हो चुका है, जिससे बौखलाकर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा आमजन में आपस में वैमनस्यता फैलाने का काम किया जा रहा है। राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ताओं के बीच चिंगारी लगाकर भोपाल शहर में अशांति फैलाने का काम भाजपा कर रही है। कांग्रेस पार्टी के साथ धोखाधड़ी कर राजनीतिक हानि पहुंचाने, कूटरचना कर भय एवं आतंक का माहौल बनाने का घृणित कृत्य किया जा रहा है। कांग्रेस ने कहा कि उक्त पोस्टर पर प्रिंटर का नाम भी नहीं लिखा गया है, जिससे उक्त प्रिंटिंग प्रेस भी अपराध की श्रेणी में शामिल है। उस पर भी कार्रवाई की जानी चाहिए। कांग्रेस पार्टी ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि इन पोस्टरों को पब्लिक प्रॉपर्टी पर से हटाकर उनकी जब्ती कर उक्त घृणित कृत्य में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम-1984 के अंतर्गत कार्रवाई की जाए। कांग्रेस ने मांग रखी कि इस तरह के कृत्य करने वालों के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, संगठन महामंत्री एवं अन्य अज्ञात नेताओं व षड्यंत्रकर्ताओं के विरुद्ध धारा 415, 417, 465, 468, 471, 153-ए, 504, 505, 55, 120-बी भारतीय दंड विधान तथा धारा-72 सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000 एवं लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम-1984 की धारा-3 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाए। हबीबगंज थाने में भाजपा नेताओं एवं अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा के साथ कांग्रेस पदाधिकारी राजीव सिंह, पीयूष बबेले, भूपेन्द्र गुप्ता, अवनीश, अब्बास हफीज, आनंद जाट, स्वदेश शर्मा सहित अन्य कांग्रेसजन प्रतिनिधि मंडल में उपस्थित थे।

### भाजपा करती है श्रीराम के नाम पर राजनीति : कांग्रेस

युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दिव्यांशु उर्फ अंशु मिश्रा ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि कटनी की पहचान मां जालपा है जहां तक पहुंच मार्ग गड्ढों से भरा है वहां की सड़क के लिए लोगों को आंदोलन करना पड़ रहा है वही भाजपा भगवान श्रीराम जो सभी के हृदय में बसते है उनके नाम से राजनीति करती है भाजपा, देश के विकास के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है और आवाज उठाने पर जेल में डाला जा रहा है। कांग्रेस से ज्यादा हिस्सों में भाजपा बांटी है आलम ये है लोग भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर रहे हैं जिन्हें संभालना चाहिए वो खुद नाराज बैठे हैं। आने वाले वक्त में बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस में शामिल होंगे और ये भाजपा में मची भगदड़ ही बता रही है कांग्रेस पार्टी 150 सीटों के पार लाकर अपनी सरकार खड़ी कर रही है।

# सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ रही भाजपा

**पटना,**13 सितम्बर (देशबन्धु)। बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने भाजपा पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सत्ता के मोह में देश की गंगा-जमुनी तहजीब को खंडित करने का काम कर रही है। भाजपा के इस मंसूबे को मुहतोड़ जवाब देने एवं समाज में अमन-चैन स्थापित करने में कारवाने इत्तेहाद भाईचारा यात्रा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बुधवार को जनता दलयू मुख्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री अशोक चैधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खां एवं पार्टी के विधानपार्षद खालिद अनवर ने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित किया। उमेश कुशवाहा ने जानकारी देते हुए कहा कि 1 अगस्त से 6 सितम्बर तक विधानपार्षद खालिद अनवर के नेतृत्व में चलाए जा रहे कारवाने इत्तेहाद भाईचारे यात्रा में न सिर्फ अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की मौजूदगी रही बल्कि समाज के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की। जिस वजह से पार्टी का यह कार्यक्रम बेहद सफल रहा। यात्रा के माध्यम से विगत 18 वर्षों में मुख्यमंत्री की उपलब्धियां है उसे गांव-गांव तक पहुंचाने का काम किया गया और मौजूदा समय में चिंताजनक हालात बने हुए हैं उससे भी आम नागरिकों को आगाह किया गया। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खा ने कहा कि कारवाने इत्तेहाद भाईचारे यात्रा के दौरान प्रदेशभर में हमें आपसी सद्भाव और भाईचारा का वातावरण दिखा।



**देश की गंगा-जमुनी तहजीब को खंडित करने का काम कर रही है भाजपा : उमेश कुशवाहा**

### कारवाने इत्तेहाद वभाईचारा यात्रा की शुरुआत की

बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री अशोक चैधरी ने अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खा एवं विधानपार्षद खालिद अनवर का आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की मूल भावना को प्रसारित करने के लिए हमारी पार्टी के दोनों नेताओं ने कारवाने इत्तेहाद एवं भाईचारा यात्रा की शुरुआत की। इस यात्रा की शुरुआत गांधी की कर्म भूमि चंपारण से हुई थी जो की 40 दिनों में 26 जिलों का भ्रमण किया गया और लगभग 120 बैठके के इस यात्रा के बैनर तले संपन्न हुई। पार्टी की यह बड़ी उपलब्धि है, इस यात्रा के माध्यम से समाज को जोड़ने का मंत्र दिया गया है एवं प्रदेश में नए माहौल को बनाने का काम किया गया है।

## मनीष सिन्हा बने एनआरआई प्रकोष्ठ के संयोजक

**पटना,**13 सितम्बर (देशबन्धु)। बिहार भाजपा द्वारा मनीष सिन्हा को एनआरआई प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी द्वारा बुधवार को पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठ के संयोजक, सह-संयोजक और प्रभारियों की नियुक्ति पत्र जारी की गई, जिसमें पार्टी की ओर से मनीष सिन्हा को यह जिम्मेवारी सौंपी गई है। इस मौके पर मनीष सिन्हा ने बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष विजय सिन्हा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी जिम्मेदारी के ईमानदारी पूर्वक निर्वहन की बात कही। पार्टी ने जिस भरोसे के साथ अहम जिम्मेदारी सौंपी है, उसका मान रखते हुए अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति एवं मजबूत संकल्प के साथ संगठन की कार्य योजनाओं को मूर्त रूप देने का हर संभव प्रयत्न करेंगे। एनआर आई लोगों को प्रदेश में बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

## चंद्रबाबू नायडू के समर्थन में उतरे हैदराबाद के आईटी पेशेवर

### आंध्र प्रदेश में लोकतंत्र बचाने का किया आह्वान

**हैदराबाद,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। कौशल विकास निगम घोटाले में गिरफ्तार किए गए आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू के समर्थन में हैदराबाद के कई आईटी पेशेवर उतरे।



हैदराबाद में विभिन्न कंपनियों में काम करने वाले आईटी पेशेवरों ने प्रमुख आईटी क्लस्टर गाचीबोवली में विप्रो सर्कल में तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। मैं सीबीएन के साथ हूं नारे वाली तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने नायडू के प्रति एकजुटता दिखाते हुए नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने चंद्रबाबू नायडू की तत्काल रिहाई की मांग की और आंध्र प्रदेश में लोकतंत्र बचाने का आह्वान किया। हालांकि शनिवार को नायडू की गिरफ्तारी के बाद से कुछ आईटी कर्मचारियों ने व्यक्तिगत रूप से उनके प्रति अपना समर्थन दिखाया है, लेकिन यह पहली बार था कि बड़ी संख्या में लोग अपनी एकजुटता दिखाने के लिए एकत्र हुए।

हैदराबाद की विभिन्न कंपनियों में काम करने वाले पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश के कई तकनीकी विशेषज्ञ विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। नायडू 1995 से 2004 तक अविभाजित आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री थे।

### परेशानी — पछले कई सालों से मौसम की आंख मिचोली से कश्मीरी परेशान

# सितम्बर माह में रिकार्ड तोड़ गर्मी सुखा रही कश्मीरियों के कंठ

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,13 सितम्बर (देशबन्धु)। अनंतनाग का रहने वाला निदा फाजिली अपनी दुआ में खुदा से उस भीषण सूखे और गर्मी से निजाते पाने की दुआ को कबूल करने की फरियाद कर रहा है जो कश्मीर में कई दशकों के बाद दिखा है। हालांकि कश्मीरियों की यह बदकिस्मती ही कही जा सकती है कि कभी उन्हें कम बर्फबारी के दौर से गुजरना पड़ रहा है।**

तो कभी भयानक बर्फबारी के दौर से निजात पाने को विशेष नमाज अता करनी पड़ रही है। वर्ष 2018 के नवम्बर महीने में समय से पूर्व होने वाली भयानक बर्फबारी के दौर में निदा फाजिली ने अपने खेतों और घरों को बचाने की खातिर विशेष नमाज में हिस्सा लिया था।

अब सितम्बर महीने में रिकार्ड तोड़ गर्मी और सूखे के कारण अब उनके भी कंठ सूखने लगे हैं। हालांकि मौसम विभाग कहता है कि अगले चार दिनों के बाद कश्मीर को सूखे से निजात मिल सकती है। पर वह भी आशंकित है क्योंकि कोई पश्चिमी विक्षोभ नजर नहीं आने के कारण इस बार मौसम की भविष्यवाणी सच साबित हो पाएगी इसके प्रति शंका का माहौल है। मौसम विशेषज्ञ डा. इरफान रशीद कहते थे कि यह सब क्लाइमेट चेंज का नतीजा है कि जिस कश्मीर की ओर सारी दुनिया गर्मी से छुटकारा पाने को दौड़ पड़ती थी अब वे ही कश्मीरी बार-बार गर्मी से छुटकारा पाने को ठंडे स्थानों की ओर दौड़ लगाए हुए हैं। उनके बकौल, कश्मीर में पिछले कई सालों से मौसम की आंख मिचौनी कश्मीरियों को परेशान किए हुए है। इसमें कभी भारी बर्फबारी, कभी सूखा और कभी बर्फ न गिरने की सजा भी उन्हें भुगतनी पड़ रही है।



■ सूखे के चलते धान व सेब की फसल पर मंडराया सकट

वर्ष 2000 की शुरुआत में भी सालभर कश्मीर में बारिश नहीं हुई तो भयानक सूखे के दौर से गुजरने वाले कश्मीर के कई गांवों में फसलें तक नहीं बोई जा सकी थीं। केसर की फल पर भी मौसम की मार पड़ी थी। हालांकि मौसम विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डा. मुखर अहमद कहते थे कि फिलहाल कश्मीर में बरसात की कमी के कारण भी ऐसे हालात पैदा हुए हैं जो आने वाले दिनों में भी पानी के संकट को बढ़ाएंगे। अभी यह धान और सेब की फसल को चौपट कर रहे हैं।

जानकारी के लिए इस बार पूरे प्रदेश में बहुत कम पानी बरसा है और सितम्बर में भी ऐसी ही स्थिति के बने रहने की आशंका जताई जा रही है। श्रीनगर में गत मंगलवार को अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस ने 53 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। स्थानीय मौसम विभाग के निदेशक सोनम लोटस ने बताया कि कश्मीर में वर्तमान भीषण गर्मी ने श्रीनगर में 53 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जहां मंगलवार को अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। श्रीनगर में अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6 डिग्री अधिक है।

# प्रादेशिकी

## करणी सेना ने की पांचाल घाट पर सफाई कराने की मांग

**फर्रुखाबाद,**13 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजपूत करणी ने ब्लॉक बढ़पुर में खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर पांचाल घाट की सफाई के लिए 10 सफाई कर्मी नियुक्त करने की मांग की है। बढ़पुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत सोता बहादुरपुर के अंतर्गत आने वाले पांचाल घाट गंगा तट पर बाढ़ के चलते गंदगी का अंबार लगा हुआ है बाढ़ का पानी कम होने के बाद घाट पर जलकुंभी एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थ की भरमार है गंगा का आंचल दूषित हो रहा है गंगा नदी के किनारे पांचाल घाट प्रमुख घाट है जहां सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन आकर पूजा अर्चना एवं स्नान करते हैं घाट पर साफ सफाई के स्लोगन लिखे हैं और कूड़ा दान के अनेकों चित्र बने हुए है लेकिन न कूड़ादान दिखते हैं ना ही घाट पर किसी तरह की सफाई।

# नवाचार कर मिसाल कायम करें अधिकारी : केशव मौर्य

**लखनऊ,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह गांवों में रचनात्मक कार्य कर विकास की पवित्र गंगा बहाएं, विकास कार्यों में नवाचार करके नई मिशाल स्थापित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी/ कर्मचारी टीम भावना से कार्य करके गांव में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में ऐसी सरल, सहज, सुलभ व सर्वग्राही कार्य संस्कृति डेवलप करें, कि आम जनमानस को उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति बहुत सरल तरीके से हो सके। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है, इसलिए गांवों में विकास की नई क्रांति लानी ही है। केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को योजना भवन लखनऊ में प्रदेश के सभी संयुक्त विकास आयुक्तो व सभी जिलों के मुख्य विकास अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गांवों में स्वच्छता व जन सुविधाओं के लिए गुजरात मॉडल पर कार्य करें। प्रत्येक ब्लॉक में विकास कार्यों में पिछड़ी 10 ग्राम पंचायतों का चयन कर आकांक्षात्मक विकास खण्डों की तरह वहां विकास कार्य कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। सभी सीडीओ महीने में कम से कम एक बार जिले की ऐसी सबसे पिछड़ी ग्राम पंचायत का

■ **योजना भवन में आयोजित बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**



**गांव में स्वच्छता व जन सुविधाओं के लिए गुजरात मॉडल पर कार्य करें : केशव मौर्य**

निरीक्षण करें और वहां ठोस व प्रभावी रणनीति बनाकर विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करें।

उन्होंने कहा कि गांवों में सोलर लाइटों को लगाने में ओवर लैपिंग न होने पाए, इस पर नजर रखी जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के सभी लाभार्थियों को सभी अनुमन्य सुविधाएं हर हाल में दी जाएं और पीएम आवास योजना-ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के सभी महिला लाभार्थियों को आजीविका मिशन के तहत गठित समूहों से शत-प्रतिशत जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में किसी लाभार्थी को अपात्र घोषित किया जाता है, तो उसकी गहनता से क्रास चेकिंग कराई जाए, इसे अत्यंत गम्भीरता से लिया जाए।

### जनमानस में जाना चाहिए अच्छे कार्यों का संदेश : उपमुख्यमंत्री

केशव मौर्य ने कहा कि विभाग के अच्छे व जीवन्त कार्यों की अधिक से अधिक पोस्ट सोशल मीडिया पर डाली जाएं, इसमें सभी दक्ष व सक्षम अधिकारी व कर्मचारियों को लगाया जाए। अच्छे कार्यों का संदेश जनमानस में जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरों के निर्माण में प्रदेश में बहुत अच्छा कार्य हुआ है और प्रदेश देश में नम्बर एक पर है। उन्होंने कहा कि शिलाफलकम् व अमृत वाटिका की जिला स्तर पर बुकलेट तैयार की जाए और अमृत वाटिकाओं को सुरक्षित व संरक्षित रखने के हर सम्भव उपाय किए जाएं। उन्होंने कहा कि सीडीओ, डीडीओ व बीडीओ जन समस्याओं की सुनवाई कर उनका निराकरण करें। माह में कम से कम एक बार विकास भवन व विकास खण्ड कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया जाए। गांवों की श्रम शक्ति को क्षीण न होने दें, कामगार लोगों में उनकी ऊर्जा व उनके श्रम का बखान करते हुए मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

**ग्राम चौपालों से हासिल हो रहे सराहनीय परिणाम**

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम्य विकास विभाग कई योजनाओं में देश में टाप पर है, इस रफ्तार को बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि ग्राम चौपालों से उत्साहजनक व सराहनीय परिणाम हासिल हो रहे हैं। चौपालों से अब तक लगभग 2.5 लाख समस्याओं का समाधान किया गया है। चौपालों से पहले स्वच्छता अभियान चलाया जाए। चौपालों को इतना अधिक प्रभावी बनाया जाय कि यह अन्य राज्यों के लिए माडल बन जाए। उन्होंने कहा कि सीडीओ जनप्रतिनिधियों से लगातार संवाद बनाए रखें, विकास कार्यों व योजनाओं के क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों के सुझाव लिए जाएं। बहराइच, सोनभद्र, लखीमपुर-खीरी सहित अन्य कई मुख्य विकास अधिकारियों के कार्यों की उन्होंने सराहना की। उन्होंने विलुप्त प्राय नदियों के पुनरूद्धार कार्य की भी तारीफ की। ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि प्रदेश में बहुत तीव्र गति से विकास कार्य कराये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत भवनों के निरीक्षण करने व वहां प्रदत्त सुविधाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाने की आवश्यकता पर बल दिया।

कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कहा कि जिलों में 70 से अधिक विभागों का कार्य विकास विभाग से समन्वय बनाकर होता है। 41 योजनाओं में प्रदेश, देश में टाप पर है, इसमें सबसे ज्यादा ग्राम्य विकास विभाग की योजनाएं हैं। प्रदेश में महिलाओं की आमदनी बढ़ाने की दिशा में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा उल्लेखनीय कार्य कराये गये हैं। गांवों के विकास व बेहतरी के लिए अच्छे कार्य हो रहे हैं।

# 25 गायों की डेयरी की स्थापना पर 50 प्रतिशत अनुदान देगी सरकार

**लखनऊ,**13 सितम्बर (देशबन्धु)। योगी सरकार ने प्रदेश में गौवंशीय पशुओं की नस्ल सुधार व दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि के लिए नन्द बाबा मिशन के तहत नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना का शासनादेश जारी कर दिया है। इससे जहां प्रदेश में उच्च दुग्ध उत्पादन क्षमता के गौवंश में सुधार होगा, वहीं दूसरी ओर पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी होगी। योजना के पहले चरण में योगी सरकार लाभार्थी को 25 दुधारू गायों की 35 इकाइयां स्थापित करने के लिए गायों की खरीद से लेकर उनके संरक्षण एवं भरण पोषण जैसे मदों में सब्सिडी देगी। यह सब्सिडी तीन चरणों में दी जाएगी। वहीं, शुरुआती चरण में यह योजना प्रदेश के दस मंडल मुख्यालयों के शहरों क्रमशः अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, झांसी, मेरठ, आगरा और बरेली में संचालित की जाएगी। दुग्ध आयुक्त और मिशन निदेशक शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि प्रदेश दुग्ध उत्पादन में देश में पहले स्थान पर है जबकि प्रदेश में प्रति पशु दुग्ध उत्पादकता कम है। इसकी मुख्य वजह प्रदेश में उच्च गुणवत्तायुक्त दुधारू पशुओं की कमी होना है। इसी कमी को पूरा करने एवं उन्नत नस्ल के अधिक से अधिक दुधारू गौवंश की इकाइयों की स्थापना के लिए नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना का शुभारंभ किया गया है। योजना के तहत दुधारू गायों में साहीवाल, गिर, थारपारकर एवं गंगातीरी प्रजाति की गायों को ही शामिल किया गया है। योगी सरकार ने योजना के तहत 25 दुधारू गायों की एक इकाई स्थापित करने में 62, 50,000 रुपए के खर्च का आंकलन किया है। ऐसे में, योगी सरकार लाभार्थी को कुल व्यय पर 50 प्रतिशत अनुदान यानी अधिकतम 31,25,000 रुपए देगी।

■ **पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता में होगी बढ़ोतरी**

योगी सरकार इस योजना का लाभ तीन चरणों में देगी। पहले चरण में इकाई के निर्माण पर परियोजना लागत का 25 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। वहीं दूसरे चरण में 25 दुधारू गायों की खरीद, उनके 3 वर्ष के बीमा और यातायात पर परियोजना लागत का 12.5 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। जबकि तीसरे चरण में परियोजना लागत की शेष 12.5 प्रतिशत राशि का अनुदान दिया जाएगा।

## सार संक्षेप

### अधिवक्ताओं ने थाने के सामने किया प्रदर्शन

**मवाना।** अधिवक्ताओं पर हापुड़ में हुए लाठीचार्ज प्रकरण को लेकर मवाना के अधिवक्ताओं में आक्रोश दिन प्रतिदिन बढ़ता दिखाई दे रहा है। बुधवार को अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर से थाने तक नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और थाने के सामने मानव श्रंखला बनाकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। केंद्रीय संघर्ष समिति हाईकोर्ट बेंच उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बार एसोसिएशन मवाना और सिविल बार एसोसिएशन मवाना के सभी अधिवक्ताओं ने सुबह दस बजे बुधवार को भी मवाना रजिस्ट्री कार्यालय के गेट पर ताला डाला और कामकाज पूर्ण रूप से बंद कराया। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने अपने चैंबरो पर ताला लगाकर कार्य से विरत रहे तो वहीं तहसील परिसर में धरने पर बैठे रहे। रजिस्ट्री कार्यालय पर तालाबंदी होने से बैनामा कराने वाले लोगों को दूसरे दिन भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अधिवक्ताओं को विरोध प्रदर्शन दोपहर तीन बजे तक चला। बुधवार को भी रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में बैनामा कराने वाले ग्राहकों व अधिवक्ताओं के बीच तालाबंदी को लेकर दूसरे दिन भी काफी तीखी नोंकझोंक भी हुई। धरने पर दोनों बार के अध्यक्ष श्रीवल्लभ व रघुवंश बंसला ने और संचालन महमपाल व अब्दुल सत्तार रिजवी ने किया। इस मौके पर तहसील परिसर में स्थित सभी अधिवक्ता मौजूद रहे।

### मेडिकल कॉलेज से फरार बरेली का कैदी गिरफ्तार

**मेरठ।** लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज से पुलिस सुरक्षा के बीच भागे कैदी को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। मेरठ पुलिस बंदी काले खां उर्फ तौफीक को गाजियाबाद से पकड़कर लाई है। बता दें कि काले खां उर्फ तौफीक 11 सितम्बर को मेरठ के एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज से 5 पुलिसवालों को चकमा देकर भाग गया था। बरेली से मेरठ में इलाज के लिए लाया गया काले खां 302 का मुल्जिम है। कैदी के भागने के बाद मेरठ मेडिकल थाने पर पांचों पुलिसवालों और कैदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। बता दें बरेली जेल में बंद काले खां उर्फ तौफीक लीवर और फेफड़े के संक्रमण का मरीज है। बरेली जेल में उसका इलाज चल रहा था। लेकिन हालत ज्यादा खराब होने पर डॉक्टरों ने उसे इलाज के लिए मेरठ रेफर किया था। बरेली पुलिस लाइन के 5 पुलिसकर्मी एक हेड कांस्टेबल और 4 कांस्टेबल मिलकर बंदी को मेरठ इलाज के लिए लाए थे। पहले पीएल शर्मा जिला अस्पताल ले गए थे। वहां भी मरीज की हालत ठीक नहीं हुई तो डॉक्टरों ने उसे एलएलआरएम में रेफर कर दिया। यहां कैदी का इलाज चल रहा था।

### जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने दी जानकारी

**मेरठ।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी मेरठ कैप्टन (आईएन) राकेश शुक्ला (अप्रा) ने जनपद मेरठ के भूतपूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों को अवगत कराते हुए बताया कि सैनिक कल्याण बोर्ड, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री स्कॉलरशिप स्कीम एक ऐसी योजना है जिसका उद्देश्य केंद्रीय सशस्त्र बलों और असम राइफल्स के आश्रित बच्चों और विधवाओं के लिए उच्च पेशेवर और तकनीकी शिक्षा को प्रोत्साहित करना है।

# पुलिस व एनएसजी ने किया संयुक्त अभ्यास

**लखनऊ,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। लॉ एंड ऑर्डर की दिशा में उल्लेखनीय काम करने वाली योगी सरकार प्रदेश में आतंकी घटनाओं को लेकर भी सजग है। इस तरह की घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए समय-समय पर सीएम योगी के निर्देश पर यूपी पुलिस मॉक ड्रिल करती रही है। इसी क्रम में बुधवार को भी यूपी पुलिस और एनएसजी की टीम ने इस तरह की घटनाओं पर अपनी तैयारियों को और पुख्ता करने के लिए संयुक्त अभ्यास गांडीव-5 को अंजाम दिया। यह संयुक्त अभ्यास गुरुवार को भी जारी रहेगा। अभ्यास के दौरान राज्य प्रशासन, यूपी पुलिस की विभिन्न इकाइयों और एनएसजी द्वारा संयुक्त रूप से काउंटर टेरर की मॉक ड्रिल्स की गई। ये मॉड ड्रिल्स लखनऊ के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर संपन्न हुई।

■ **संयुक्त रूप से काउंटर टेरर के खिलाफ मॉक ड्रिल्स का किया गया आयोजन**

मॉक ड्रिल को लेकर स्पेशल डीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने आम जनता के लिए एक एडवाइजरी भी जारी की। इसमें उन्होंने लोगों से संयम रखने और विचलित न होने की अपील की। साथ ही किसी प्रकार की अफवाह न फैलाने और न ही अफवाहों पर ध्यान देने के लिए भी कहा।

# जनपद स्तर पर सम्मानित किए गए निक्षय मित्र

■ **आयुष्मान भवः अभियान का राष्ट्रपति मुर्मू ने किया वर्चुअल शुभारंभ**
■ **मेडिकल कॉलेज के सम्मेलन कक्ष में हुआ सजीव प्रसारण**
■ **जनप्रतिनिधि व अधिकारी रहे उपस्थित**



**मेरठ,**13 सितम्बर (देशबन्धु)। बुधवार को आयुष्मान भव: कार्यक्रम का शुभारम्भ वर्चुअल माध्यम से राष्ट्रपति के द्वारा किया गया। इस अवसर पर लाला लाजपत राय स्मारक के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा.विनीता शर्मा द्वारा आयुष्मान भव: कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

उन्होंने बताया कि आगामी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाडा का आयोजन किया जायेगा। सेवा पखवाड़ा के 3 अंग हैं। स्वच्छ भारत अभियान, रक्तदान महादान, अंगदान, आयुष्मान आपके द्वार 3.0। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत छूटे हुए पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पीएचसी पर प्रत्येक रविवार को आयुष्मान मेला आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर उपकेंद्र पर प्रत्येक शनिवार को आयुष्मान मेला आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रथम सप्ताह में गैर संचारी रोगों से सम्बंधित, द्वितीय सप्ताह में टीबी, कुष्ठ एवं अन्य संचारी रोगों से संबंधित, तृतीय सप्ताह में मातृ एवं बाल स्वास्थ्य तथा पोषण से सम्बंधित, चतुर्थ सप्ताह में राज्य/जनपद की स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप (जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल तथा गैर जनजातीय क्षेत्रों में नेत्र देखभाल) स्वास्थ्य सेवायें प्रदान की जाएगी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तरीय साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले में मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों द्वारा चक्रानुक्रम में सेवाएं प्रदान की जायेगी आयुष्मान सभा ग्राम/वार्ड स्तर पर वी एचएसएनसी/नगरीय स्थानीय निकाय के नेतृत्व में 2 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया आयुष्मान ग्राम पंचायत से उन ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने शत-प्रतिशत उपलब्धि निम्न सूचकांकों पर प्राप्त की होगी।

# ओपन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अर्ष को गोल्ड मेडल

**मवाना,**13 सितम्बर (देशबन्धु)। ए.एस.इंटर कॉलेज मवाना में प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने बुधवार को अर्ष चौधरी को जिला स्तरीय ओपन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर विद्यालय में प्रशस्ति पत्र, ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया। साथ ही पिछले वर्ष मंडल स्तर पर ऊंची कूद तथा 800 मीटर दौड़ में रमा नागर को गोल्ड मेडल, ट्रैकसूट, श्रीमती सावित्री देवी रस्तोगी सम्मान से सम्मानित किया। इनके अलावा 80 किलोग्राम कुश्ती में मंडल स्तर पर सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले शिवम विकल को प्रशस्ति पत्र मेडल तथा ट्रैक सूट से सम्मानित किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जिला स्तर पर अपना स्थान कायम करने वाले आदित्य कुमार को प्रशस्ति पत्र, ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया। जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में अपना स्थान स्थापित करने वाले ओम यादव को प्रशस्ति पत्र तथा ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया। उस समय विद्यालय के खेल शिक्षक कपिल कुमार सिरोही व कक्षा अध्यापक बृजेश कुमार उपस्थित रहे।



# आजम खां के करीबी के घर इनकम टैक्स का छापा

**मेरठ,**13 सितम्बर (देशबन्धु)। बुधवार को थाना नौंचदी क्षेत्र में भवानी नगर में सपा नेता व पूर्व मंत्री आजम खां के करीबी रहे रिटायर इंजीनियर के घर पर इनकटैक्स का छापा लगा। यह कार्रवाई मेरठ समेत गाजियाबाद, सहारनपुर, सीतापुर, लखनऊ जिलों में एक साथ की गयी है। छापेमारी में अभी तक टीम को अहम दस्तावेज हाथ लगे है। जिसमें रिटायर इंजीनियर का काफी कारोबार मिला है। नौचंदी पुलिस छापेमारी को काफी देर तक छिपाती रही। आजम खान की संपत्तियों पर छापेमारी से हड़कंपमच गया है। बुधवार की सुबह सात बजे भवानी नगर में आयकर विभाग की टीम आजम के करीबी रहे रिटायर इंजीनियर जकीउर रहमान के घर की तीन गाड़ियां एक साथ पहुंची। टीम ने जल निगम में रामपुर में तैनात रहे पूर्व रिटायर इंजीनियर जकीउर रहमान के घर पर छापा मारा। टीम के साथ आरपीएफ के जवान मौजूद रहे। जो घर के बाहर के बाहर के चौकसी कर रहे थे। टीम ने जकीउर रहमान के घर पर अहम दस्तावेजों को खंगाला। छानबीन में खेती की तमाम जमीन मिली है।

■ **टीम ने घर से दस्तावेजों को खंगाला**

लालकुर्ती मार्केट में अपनी तमाम दुकानें भी मिलने के साथ-साथ कई बिजनेस की सूचना मिली। बताया जा रहा है कि रिटायर इंजीनियर अपनी नौकरी के दौरान रामपुर में तैनात रहे। उसी बीच आजम खां से करीबी बढ़ी। छापेमारी अभी जारी है। । इस दौरान रिटायर इंजीनियर के घर में किसी को प्रवेश नहीं करने दिया गया। परिवार के सभी सदस्यों के मोबाइल अपने कब्जे में ले लिए गए। जानकारी मिली है।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ 17 को : मीणा

**मेरठ,**13 सितम्बर (देशबन्धु)। बुधवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान भव अभियान, मेरी माटी मेरा देश अभियान तथा निर्वाचन कार्यों के संबंध में वर्चुअल बैठक आहूत की गई।



■ **डीएम ने वर्चुअल माध्यम से की बैठक**

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एक लाभार्थीपरक जनकल्याणकारी योजना है तथा इसका 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री जी द्वारा शुभारंभ किया जायेगा इसी दिन इससे संबंधित पोर्टल का भी शुभारंभ किया जायेगा। इस हेतु समस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में तहसील, ब्लॉकवार निर्धारित किये गये लक्ष्य के अनुसार रजिस्ट्रेशन हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करें। मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत निर्देशित किया गया कि रोस्टर तैयार कर उसके अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक तहसील, ब्लॉक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान में अधिक से अधिक जन सहभागिता को सुनिश्चित किया जाये तथा इस संबंध में ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। आयुष्मान भव अभियान के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति द्वारा इस अभियान का शुभारंभ किया गया जिसका जनपद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयुष्मान भव अभियान के सफल संचालन के लिए 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित सेवा पखवाडा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, रक्तदान महादान, अंगदान शपथ, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा एजेंडा बिन्दुओं के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मवाना ( मेरठ )

**पत्रांक 783 / न. पा. / 2023** **दिनांक 13.9.2023**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मवाना में 'पी.एम. स्वनिधि योजना' के अंतर्गत सामाजिक आर्थिक रूप रेखा (Socio Profiling of PM Svanidhi Beneficiareies) की प्रोफाइलिंग कार्य हेतु कार्य में दक्ष संस्था / फार्मों में ऑफलाईन विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाए गए कार्य हेतु निविदाएं दिनांक 22.9.2023 को अपरांह 2 बजे तक नगर पालिका परिषद मवाना में आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 22.9.23 को सांय 4 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जाएंगी, जिसके निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 21.9.23 को दोपहर 2 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद मवाना से निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किए जा सकते हैं। अध्यक्ष / अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मवाना को पूर्ण अधिकार होगा कि किसी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताए अस्वीकृत कर दें। अवकाश होने की स्थिति में उक्त निविदा की कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर पूर्ण की जाएगी। निविदा के संबंध में विस्तृत शर्तों एवं विवरण की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में संबंधित पटल से प्राप्त की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्नवत् है :-

| क्र. सं. | कार्य/सामग्री का विवरण | धनराशि जी.एस.टी. सहित | धरोहर धनराशी 10 प्रतिशत | निविदा शुल्क जी.एस.टी. सहित | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पी.एम. स्वनिधि योजना के लाभार्थियों एवं उनके परिवारों की आर्थिक रूपरेखा, आवास अन्य सम्पत्ति स्वास्थ्य योजनाओं से आच्छादन विकलांगता की स्थिति, शिक्षा कौशल रोजगार इत्यादि तथा अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों से संबंधित सूचनाओं के सर्वे कार्य। IEC Activities like installation of hourdings banners etc. Mobilization of vendors. Imparting of Training to data Collectors. Payment to data Collectors. Local Transport. Any other Expenditure related to the programme. | 5,00.000.00 | 50,000.00 | 500+90=590.00 | 01 वर्ष या कार्य पूर्ण होने तक |

**निविदा हेतु शर्तें :-**

1. सशर्त / कटिंग / ओवरराईटिंग निविदा मान्य नहीं होगी और स्वत: निरस्त समझी जाएगी।
2. 100 रू के एकल गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर निविदादाता का न तो कोई आपराधिक रिकार्ड है और न ही किसी गैर सरकारी संस्था में पंजीकृत है।
3. उपरोक्त कार्य को कराए जाने हेतु दक्ष संस्था को 3 सरकारी विभाग में कार्यों का अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। अनुभव को वरीयता दी जाएगी।
4. निविदा प्रपत्र के साथ उपरोक्त कार्य हेतु 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि, एन.सी.सी / एफ.डी.आर. के रूप में अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद मवाना के पक्ष में बंधक होगा, को संलग्न करना अनिवार्य है।
5. अनुबंध हेतु शासन द्वारा निर्धारित दर पर स्टाम्प पेपर देय होगा।
6. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष / अधिशासी
7. भविष्य में न्यायालय के आदेशों के कम में अतिरिक्त स्टाम्प पेपर फार्म / ठेकेदार द्वारा देय होगा
8. बिल में नियमानुसार करों आदि की कटौती की जाएगी।
9. शासन / निदेशालय द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**मवाना ( मेरठ )**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**मवाना ( मेरठ )**

देशबन्धु नई दिल्ली, गुरूवार, 14 सितम्बर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# दुनिया रंग-बिरंगी

**इंडियन आइडल मेरे लिए एक जज़्बात: विशाल ददलानी**

मुंबई,13 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड के जाने-माने संगीतकार और गायक विशाल ददलानी का कहना है कि इंडियन आइडल उनके लिए एक जज़्बात है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के बहुचर्चित सिंगिंग रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' के नवीनतम सीज़न में विशाल ददलानी, श्रेया घोषाल और कुमार सानू जज की भूमिका निभाते हुए नज़र आएंगे। विशाल ददलानी ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि इंडियन आइडल मेरे लिए एक जज़्बात है। संगीत ऐसी भाषा है, जिसे सारी दुनिया समझती है और यह भाषा सरहदों से परे है, और यह शो हमारे अविश्वसनीय देश के हर कोने से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को सामने लाने का एक अनूठा तरीका है।

## हल्के कोविड संक्रमण वाले 25 प्रतिशत मरीज एक साल बाद भी फेफड़ों की बीमारी से पीड़ित : अध्ययन



**लंदन,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। हल्के कोविड संक्रमण वाले 25 प्रतिशत मरीज एक साल बाद भी फेफड़ों की बीमारी से पीड़ित रहे। एक अध्ययन से यह बात सामने आई है। ऐसे डेटा सामने आया है, जो इस बात की पुष्टि करता है कि गंभीर कोविड संक्रमण ठीक होने के बाद भी पल्मोनरी फंक्शन बिगड़ा हुआ पाया गया। हालांकि, समय के साथ कोविड-19 की गंभीरता के पूरे स्पेक्ट्रम में पल्मोनरी फंक्शन हानि की सीमा, पुनर्प्राप्ति और निर्धारकों के बारे में बहुत कम जानकारी है। यह निर्धारित करने के लिए एम्स्टर्डम विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने बीमारी शुरू होने के एक साल बाद तक 349 प्रतिभागियों के पल्मोनरी फंक्शन को मापा।

मई 2020 और दिसंबर 2021 के बीच 349 प्रतिभागियों में से 301 का पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट किया गया। एक साल के फॉलो-अप के बाद, 25 प्रतिशत प्रतिभागियों का पल्मोनरी फंक्शन खराब था। इसका मतलब है कि 11 प्रतिशत मरीज हल्के कोविड, 22 प्रतिशत मध्यम कोविड और 48 प्रतिशत प्रतिभागियों में गंभीर कोविड की समस्या थी। प्रतिभागियों के बीच 1, 6 और 12 महीनों की अवधि में सुधार जारी रहा। अधिक उम्र होने के साथ कोमोरबिडिटी से जूझ रहे मरीजों में पल्मोनरी फंक्शन में सुधार की कमी धीमी देखी गई। समय के साथ स्थितियों में सुधार देखा गया। यह 12 महीनों में बिना बिगड़े हुए पल्मोनरी फंक्शन वाले व्यक्तियों के बराबर हो गया।

शोधकर्ताओं ने कहा, 'हमारे निष्कर्ष बताते हैं कि एक-चौथाई रोगियों में संक्रमण के 12 महीने बाद भी पल्मोनरी फंक्शन की क्षमता खराब थी। एक वर्ष तक के अध्ययनों में कोविड-19 की गंभीरता और प्रतिबंधात्मक पल्मोनरी फंक्शन के बीच संबंध भी देखा गया है।' शोधकर्ताओं ने कहा, '12 महीने के फॉलो-अप के बाद गंभीर कोविड-19 के मरीजों के पल्मोनरी फंक्शन में सुधार देखने को मिला। वहीं, मध्यम वर्ग के कोविड पीड़ितों में यह सुधार पहले 12 महीनों के बाद कम होने लगा।'

### कोविड महामारी के कारण शिशुओं की आंत में कम हुए बैक्टीरिया

वैज्ञानिकों की एक टीम ने दावा किया है कि जिन शिशुओं ने जन्म के बाद पहला साल कोविड–19 महामारी के दौरान बिताया है, उनकी आंत में पहले पैदा हुए बच्चों की तुलना में कम बैक्टीरिया पाए गए हैं। 'साइंटिफिक रिपोर्ट्स' में प्रकाशित निष्कर्षों से पता चला है कि जिन शिशुओं की आंत के बैक्टीरिया का महामारी के दौरान नमूना लिया गया था, उनमें आंत के माइक्रोबायोम की अल्फा विविधता कम थी, जिसका अर्थ है कि आंत में बैक्टीरिया की कम प्रजातियां थीं। शिशुओं में पाश्चुरैलेसी और हेमोफिलस बैक्टीरिया की कम थे, जो मनुष्यों के भीतर रहते हैं और विभिन्न संक्रमणों का कारण बन सकते हैं।

न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में कहा कि यह परिवर्तन कोविड–19 महामारी के कारण हुए हैं। इसके लिए सामाजिक बदलाव भी जिम्मेदार हो सकते हैं। इन बदलावों के पीछे संभावित रूप से घर पर अधिक समय बिताना, डेकेयर में अन्य बच्चों से अलग रखना, साफ–सफाई में इजाफा, बेहतर पर्यावरण, अच्छा आहार, स्तनपान और सही देखभाल कारण हो सकते हैं। शोध पत्र की सह–प्रमुख लेखिका और एनवाईयू स्टीनहार्ट के विकासात्मक मनोविज्ञान कार्यक्रम से हाल ही में डॉक्टरेट स्नातक सारा सी. वोगेल ने कहा कि कोविड–19 महामारी हमें यह बेहतर ढंग से समझने में मदद करने के लिए एक दुर्लभ प्राकृतिक प्रयोग प्रदान करती है कि सामाजिक वातावरण शिशु आंत के माइक्रोबायोम को कैसे प्रभावित करता है। वहीं, यह अध्ययन अनुसंधान के बढ़ते क्षेत्र में योगदान देता है कि शिशु के सामाजिक वातावरण में परिवर्तन आंत के माइक्रोबायोम में परिवर्तन के साथ कैसे जुड़े हो सकते हैं।

## बिना आंखों की बीमारी वाले मरीजों के आंसुओं में पाया गया कोविड वायरस: एम्स



- **अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में किए गए एक शोध के दौरान शोधकर्ताओं को एक दुर्लभ बात पता चली**
- **कोविड–19 महामारी के पीछे का वायरस सार्स–कोव–2 उन रोगियों के आंसुओं में पाया गया, जिन्हें आंखों की कोई बीमारी नहीं थी**

**नई दिल्ली,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में किए गए एक शोध के दौरान शोधकर्ताओं को एक दुर्लभ बात पता चली। कोविड-19 महामारी के पीछे का वायरस सार्स-कोव-2 उन रोगियों के आंसुओं में पाया गया, जिन्हें आंखों की कोई बीमारी नहीं थी। क्यूरियस जर्नल में प्रकाशित शोध निष्?कर्ष के मुताबिक, शोध के लिए चुने गए 40 मरीजों में से 26 (65 प्रतिशत) को मध्यम कोविड, छह (15 प्रतिशत) को गंभीर कोविड और शेष को हल्के कोविड के रूप में वर्गीकृत किया गया था।

40 रोगियों में से पांच (12 प्रतिशत) ने आरटी-पीसीआर टेस्ट कराया। जब इनके आंसू के नमूने की जांच की गई तो उसमें सार्स-कोव-2 वायरस पाया गया। इन पांच सकारात्मक मामलों में सिर्फ 20 फीसदी में नेत्र संबंधी लक्षण प्रदर्शित हुए, जबकि शेष 80 प्रतिशत में नेत्र संबंधी लक्षणों का कोई लक्षण नहीं दिखा। इसके अलावा, सात रोगियों (17 प्रतिशत) में नेत्र संबंधी लक्षण जैसे कि कंजंक्टिवल हाइपरमिया, एपिफोरा, पानी आना और खुजली दिखाई दी, जिनमें से केवल 14 प्रतिशत के आरटी-पीसीआर आंसू नमूनों में सार्स-कोव-2 वायरस पाया गया। शेष छह रोगियों के आंसू नमूनों में सार्स-कोव-2 वायरस नहीं पाया गया। एम्स-नागपुर के नेत्र विज्ञान विभाग के कनिष्क सिंह और टीम ने शाधपत्र में कहा, 'हमने नेत्र संबंधी लक्षणों वाले और बिना नेत्र संबंधी लक्षणों वाले दोनों रोगियों में एक सकारात्मक कोविड -19 आंसू के नमूने का पता लगाया है। शोधकर्ताओं ने कहा कि अब तक, सीमित रिपोर्टों में कोविड-19 के रोगियों में नेत्र संबंधी भागीदारी पर ध्यान केंद्रित किया गया है। हालांकि, अध्ययन से पता चलता है कि पुष्टि किए गए कोविड रोगियों के कंजंक्टिवल स्वैब में सार्स-कोव-2 का पता लगाया गया है, हालांकि सकारात्मकता दर कम है।

आंसुओं में पाए जाने वाले वायरस के कम प्रसार के बावजूद, नेत्र मार्गों के माध्यम से संचरण का संभावित जोखिम है। इसलिए, नेत्र संबंधी अभिव्यक्तियों की अनुपस्थिति में भी नेत्र संचरण की संभावना पर विचार करना महत्वपूर्ण है। चिकित्सा कर्मियों को इस दौरान सावधानीपूर्वक सावधानी बरतनी चाहिए शोधकर्ताओं ने कहा, 'संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए कोविड से पीड़ित रोगियों की नेत्र संबंधी जांच की जानी चाहिए।'

## वामिका गब्बी ने 'चार्ली चोपड़ा' में जासूस की भूमिका निभाने पर कहा, यह एक अविश्वसनीय सम्मान



**मुंबई,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। 'मॉडर्न लव मुंबई', 'जुबली', 'मॉडर्न लव चेन्नई' और '83' के लिए मशहूर अभिनेत्री वामिका गब्बी महिला जासूसी सीरीज 'चार्ली चोपड़ा एंड द मिस्ट्री ऑफ सोलंग वैली' में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने कहा कि एक महिला जासूस का किरदार निभाना मेरे लिए 'अविश्वसनीय सम्मान' हैं। मनोरंजक मर्डर मिस्ट्री अगाथा क्रिस्टी के उपन्यास, 'द सिटाफोर्ड मिस्ट्री' का आधिकारिक रूपांतरण है। इसे विशाल भारद्वाज द्वारा जीवंत किया गया है। गैबी द्वारा अभिनीत यह सीरीज चार्ली चोपड़ा की कहानी पर आधारित है, जो एक निर्दोष अपराधी को बचाने और संदिग्धों से भरे शहर में असली अपराधी को खोजने के लिए एक हत्या के रहस्य में उलझ जाती है।

**एक महिला जासूस का किरदार निभाना मेरे लिए 'अविश्वसनीय सम्मान' हैं:- अभिनेत्री वामिका**

अपने उत्साह को साझा करते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'किसी शो में भारत की पहली महिला जासूस की भूमिका निभाना एक अविश्वसनीय सम्मान है। चार्ली चोपड़ा एक ऐसा किरदार है, जिसमें मैंने अपना दिल लगा दिया है, और मैं इस रोमांचकारी यात्रा पर दर्शकों के साथ जुड़ने का इंतजार नहीं कर सकती।' सीरीज में नसीरुद्दीन शाह, रत्ना पाठक शाह, गुलशन ग्रोवर, नीना गुप्ता, लारा दत्ता, प्रियांशु पेनयुली, चंदन रॉय सान्याल, इमाउद्दीन शाह, विवान शाह और पाओली दाम जैसे कलाकार शामिल हैं।

वामिका ने आगे कहा, 'अक्सर हम महिलाओं को इस तरह के किरदारों में नहीं देखते हैं, और विशाल सर वास्तव में ऐसे व्यक्ति हैं जो हर चरित्र को इतने विस्तार से लिखते हैं। मैं हमेशा से उनके महिला किरदारों की बेहद शौकीन रही हूं, जिन्हें वह अपनी स्क्रिप्ट में लिखते हैं और चार्ली भी इससे अलग नहीं है। यह अब तक की मेरी सबसे महत्वाकांक्षी भूमिका है।'

## निपाह का प्रकोप : तमिलनाडु-केरल सीमा पर स्वास्थ्य अलर्ट जारी

**चेन्नई,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। केरल के कोझिकोड में निपाह वायरस से हुई मौतों के बाद तमिलनाडु के सार्वजनिक स्वास्थ्य और निवारक चिकित्सा निदेशालय ने सीमावर्ती इलाकों में अलर्ट जारी किया है।




तमिलनाडु सरकार के सार्वजनिक स्वास्थ्य और निवारक चिकित्सा निदेशक डॉ. टीएस. सेल्वनिवायगम ने एक बयान में कहा, 'केरल से सामने आए निपाह वायरस के दो मामलों के मद्देनजर, हम स्वास्थ्य टीमों द्वारा सीमा चौकियों पर केरल से आने वाले यात्रियों की स्क्रीनिंग करेंगे। केरल के साथ सीमा साझा करने वाले तमिलनाडु के छह जिलों में चौबीस घंटों के लिए एक अलग टीम तैनात की है।' उन छह जिलों में नीलगिरी, कोयंबटूर, तिरुपुर, थेनी, तेनकासी और कन्याकुमारी हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के उप निदेशकों को आवश्यक सुरक्षात्मक उपकरणों के साथ सीमाओं पर सभी लक्षण वाले बुखार के मामलों की जांच करने का निर्देश दिया गया है। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम ने नीलगिरि जिले के गुडलूर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि लोगों को केरल में निपाह के प्रकोप से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। मंत्री ने यह भी कहा कि जिन लोगों में बुखार के लक्षण होंगे उनकी स्क्रीनिंग की जाएगी।



## चीन में भारी बाढ़ के बीच 70 से अधिक मगरमच्छ फार्म से भाग निकले

**बीजिंग,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन में हुई मूसलाधार बारिश के कारण आई भारी बाढ़ के बीच पेंग कुन गांव के पास से 70 मगरमच्छ खुले में निकल गए। शहर में अधिकारियों ने मगरमच्छों को पकड़ने के लिए एक अभियान शुरू किया है। सीएनएन ने स्थानीय शाई बाओ न्यूज के हवाले से मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा कि पेंग कुन गांव के पास कम से कम 69 वयस्क मगरमच्छ और छह छोटे मगरमच्छ खुले में निकल गए। आउटलेट ने कहा कि स्थानीय अधिकारियों ने निवासियों को बाहर न निकलने की चेतावनी जारी की है। द बीजिंग न्यूज के अनुसार सोनार डिटेक्शन उपकरण का उपयोग कर लापता मगरमच्छों का पता लगाने के लिए एक आपातकालीन बल तैनात किया गया है।

लेकिन बाढ़ के पानी की गहराई ऑपरेशन के लिए एक बड़ी चुनौती बन रही है। आपातकालीन दस्ते के एक सदस्य ने नानफेंग प्लस को बताया कि उन्हें मगरमच्छों को पकड़ने के बजाय बेहोश करना पड़ सकता है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, सोशल मीडिया पर मौजूद तस्वीरों और वीडियो में कुछ मगरमच्छ पूरी तरह से जलमग्न सड़क के पास दिखाई दे रहे हैं। कई मगरमच्छों को पकड़कर जमीन पर वापस लाते हुए भी देखा गया, उनकी गतिविधियों को प्रतिबंधित करने के लिए उनके मुंह और अंगों को बांध दिया गया।

## नासा के अंतरिक्ष यात्री रुबियो ने आईएसएस पर सबसे अधिक समय बिताने का बनाया कीर्तिमान



**लॉस एंजिल्स,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अंतरिक्ष यात्रा फ्रैंक रुबियो ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर सबसे लंबी यात्रा का कीर्तिमान स्थापित किया है। एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रुबियो ने सोमवार को अतंरिक्ष में लगातार 355 दिन बिताए गये एकल अंतरिक्ष उड़ान रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिसे नासा के अंतरिक्ष यात्री मार्क वंदे हेई ने 30 मार्च, 2022 को बनाया था। नासा ने कहा कि रुबियो 27 सितंबर को अंतिरक्षि में 371 दिन बिताने के बाद वापस पृथ्वी पर लौटने की उम्मीद है। एजेंसी ने कहा कि सितंबर 2022 में आईएसएस पर जाने के बाद से रुबियो ने रोबोटिक्स, अंतरिक्ष भौतिकी और जीव विज्ञान से जुड़े कई प्रयोगों पर काम किया है और उन्होंने तीन स्पेसवॉक में भाग लिया है।



उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार को पूजा-अर्चना करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## फिल्म 'तुमसे ना हो पाएगा' 29 सितंबर को रिलीज




**मुंबई,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। फिल्म 'दंगल' और 'छिछोरे' के निर्माताओं के निर्देशन में बनी आगामी फिल्म 'तुमसे ना हो पाएगा' 29 सितंबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होने वाली है। 'तुमसे ना हो पाएगा' फिल्म दुनियाभर के युवाओं के लिए यह संदेश है कि 'अपने दिल की बात मानने के लिये हिम्मत जुटाओ और अपनी सफलता को खुद तय करो।' इस फिल्म में इश्वाक सिंह, महिमा मकवाना, गौरव पांडे, अमाला अक्किनेनी, गुरप्रीत सैनी, परमीत सेठी और मेघना मलिक जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों ने भूमिका निभाई है। फिल्म निर्माता एवं लेखक नीतेश तिवारी ने कहा, 'तुमसे ना हो पाएगा' को हर एक मध्यम-वर्गीय युवा की कहानी पर्दे पर दिखाने के लिए लिखा गया है। चाहे कॉर्पोरेट जॉब की उलझनें हों या अपने बचपन के प्यार की खोज या खुद से अपना कुछ शुरू करने का जिन्दगी भर देखा सपना। इस फिल्म की कहानी प्रासंगिक है!' फिल्म निर्देशक अभिषेक सिन्हा ने कहा, 'ऐसे समाज में, जहाँ हमें यह मानने पर मजबूर किया जाता है कि हाथ की रेखाएं हमारा भविष्य तय करती हैं। फिल्म 'तुमसे ना हो पाएगा' में यह संदेश देने का प्रयास किया गया है कि केवल आप ही अपनी सफलता को तय कर सकते हैं। कभी-कभी इसका मतलब समाज के निर्धारित नियमों को तोड़ने, आप पर यकीन न करने वालों पर ध्यान ना देने और अपने भीतर की उस आवाज को सुनने से हो सकता है, जो कहती है कि 'करके दिखाओ!'' अपनी पूरी ताकत के साथ अपने सपने का पीछा करो। इसी बात ने हमें यह कहानी लिखने और फिल्माने के लिए प्रेरित किया है। कहीं न कहीं यह आपकी जिन्दगी के सफर से मेल खाएगी।' उन्होंने कहा कि फिल्म में समाज की 'लोग क्या कहेंगे' वाली सोच के खिलाफ कुछ युवा दोस्त हैं,

## कई अंगों को प्रभावित करता है हाई बीपी, लो बीपी से भी रहें सावधान



